● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 307, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 26 दिसम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



सनी लियोनी के नाम पर सरकारी खजाने में लगी सेंध! 5

आस्ट्रेलिया ने घोषित की अपनी प्लेइंग इलेवन 6

## केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में खुलेंगे समृद्धि और खुशहाली के नये द्वार : पीएम

### पीएम मोदी ने अटल जी की 100वीं जयंती पर देश की पहली केन-बेतवा राष्ट्रीय परियोजना का किया शिलान्यास

### पीएम मोदी मध्यप्रदेश के लिए आधुनिक भगीरथ : डॉ. यादव

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 1 वर्ष में मध्यप्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। आज मध्यप्रदेश में हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं की शुरुआत हुई है। भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के सपने को साकार करती हुई देश की पहली नदी जोड़ी परियोजना केन-बेतवा का आज यहाँ शिलान्यास हुआ है। इसके साथ ही देश के पहले फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्रोजेक्ट, ओंकारेश्वर का भी शिलान्यास हुआ है। इसके लिए मध्यप्रदेश के कर्मठ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार और यहां की जनता को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत बुंदेलखंडी बोली में करते हुए कहा, वीरों की धरती ई बुंदेलखंड पे रहबे बारे सबई जनन खों हमाई तरफ से हाथ जोड़के राम-राम पौंचे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश के विकास में अटल जी का योगदान सदैव याद रखा जाएगा। वे सुशासन के प्रतीक थे। आज उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर उनकी स्मृति में मध्यप्रदेश में 1153 अटल ग्राम सेवा सदन का निर्माण प्रारंभ हो रहा है, जिसकी पहली किश्त भी जारी की गई है। सुशासन हमारी सरकार की पहचान है। हमारे लिए जनहित, जनकल्याण और विकास सर्वोपरि है। हम जन सामान्य के लिए समर्पित हैं। आजादी के दीवानों ने देश के



लिए अपना लहू बहाया था, हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए पसीना बहाते हैं। अच्छी योजनाओं के साथ ही उन्हें लागू करना और उनका लाभ 100% लाभार्थी तक पहुंचाना सुशासन का पैमाना है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली के द्वार खुलेंगे। बुंदेलखंड क्षेत्र में बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष किया है, परंतु पूर्ववर्ती सरकारों ने जल संकट का कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला। आजादी के सात दशक बाद भी राज्यों के बीच नदियों के जल के लेकर विवाद चलते रहे, परंतु उन्हें दूर करने का कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। जब अटल जी की सरकार बनी तो उन्होंने नदी जोड़ो के रूप में इसका स्थाई हल निकाला और उसका कार्य भी शुरू कर दिया गया, परन्तु 2004 के बाद वह बंद कर दिया गया। आज अटल जी का नदी जोड़ने का सपना मध्यप्रदेश की भूमि पर साकार होने जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जल शक्ति और जल संसाधन के विकास के लिए लिए बाबा साहेब अंबेडकर के विजन और किए गए प्रयासों की सराहना भी की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश के संदर्भ में आधुनिक युग के भगीरथ हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राजा भगीरथ के प्रयासों से अवतरित हुई गंगा जी ने सभी को नया जीवन प्रदान किया था, उसी प्रकार प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत में नए युग का सूत्रपात किया है। सकारात्मक सोच और प्रयासों से 10-12 साल में किस प्रकार परिस्थितियों में सुधार होता है, प्रधानमंत्री श्री मोदी का कार्यकाल इसका श्रेष्ठ उदाहरण है और हम सब इसके प्रत्यक्षदर्शी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी प्रकार से संपन्न वीरों की भूमि बुंदेलखंड, सूखे से सदैव प्रभावित रहा। पिछली सरकारों ने बुंदेलखंड के विकास को प्राथमिकता नहीं दी। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने क्षेत्र को सूखा मुक्त करने और जल की पर्याप्त व्यवस्था करने का सपना देखा था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस सपने को धरातल पर उतारने की पहल की। केन बेतवा लिंक परियोजना के शुभारंभ के साथ ही कुछ दिन पहले 35 हजार करोड़ रूपए लागत की पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक परियोजना का शुभारंभ ऐतिहासिक था। इन परियोजनाओं से चंबल, मालवा और संपूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र को पीने का पानी एवं सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी और उद्योग-धंधों को पानी मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की बुंदेलखंड क्षेत्र में पूर्व में तीन यात्राएं हुईं।

## भारत के नागरिकों को राष्ट्र पहले मानसिकता अपनाने की आवश्यकता : उपराष्ट्रपति

**हैदराबाद।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तेलंगाना के मेडक में जैविक किसानों के एक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने नागरिकों को भारत की प्रगति को स्वीकार करने के लिए राष्ट्र पहले मानसिकता अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र में समस्याओं का एकमात्र समाधान बातचीत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर समस्याओं के समाधान के लिए बातचीत पर जोर दिया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, आज मैं देख रहा हूं कि किसान अपने मुद्दों को लेकर परेशान हैं। यदि समाज का कोई भी वर्ग परेशान है तो उसका सकारात्मक समाधान करना आवश्यक है। लोकतंत्र में मुद्दों को सुलझाने का एकमात्र तरीका बातचीत है। मैंने कई मौकों पर इस बात पर जोर भी दिया। उन्होंने



आगे कहा, दुनिया में जो आग लगी है, उसका एकमात्र समाधान बातचीत ही है।

जगदीप धनखड़ ने जोर देकर कहा कि देश के खिलाफ ताकतों को हराने के लिए प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रवाद में अटूट विश्वास बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा, हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। मैं अपने चारों ओर भारत की प्रगति को रोकने वाली शक्तियों का अनुभव करता हूं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसी ताकतें एक कहानी शुरू करती हैं जो बाद में आंदोलन का रूप ले लेती है। उन्होंने इस स्थिति में नागरिकों से राष्ट्रवाद में अटूट विश्वास बनाए रखनेकाआह्वान किया।

## सुशासन के लिए सुरक्षा का भाव आवश्यक : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन के लिए सुरक्षा का भाव आवश्यक है। यह जनसहभागिता के बिना संभव नहीं हो सकता। सुरक्षा का भाव घर के अंदर से पैदा करना होगा। यदि व्यक्ति घर के अंदर सुरक्षित है तो सामुदायिक रूप से सुरक्षा का भाव स्वतस्फूर्ति भाव के साथ पैदा होता हुआ दिखाई देगा। अपराध-अपराधियों, भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों के लिए सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है। अटल जी व पीएम मोदी से प्रेरणा प्राप्त करते हुए सरकार ने सुरक्षा के मुद्दे पर पहले दिन से जीरो टॉलरेंस की जो नीति रखी है, इसके परिणाम



सबके सामने हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह में शिरकत की। रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री समेत जनप्रतिनिधियों ने लोकभवन में पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी की। सीएम ने महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती व क्रिसमस की बधाई दी। छात्रा स्नेहा तिवारी ने कविता सुनाई। रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया। सीएम ने कहा कि अटल जी ने अपने शासनकाल में सुशासन की नींव को मजबूती दी।

## मेरे भविष्य की भूमिका के बारे में बीजेपी करेगी फैसला : रघुवर दास

**नई दिल्ली।** ओडिशा के निवर्तमान राज्यपाल रघुबर दास ने बुधवार की सुबह पुरी में जगन्नाथ मंदिर में देवताओं की पूजा अर्चना की। मंदिर से बाहर निकलने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी भविष्य की भूमिका के बारे में भाजपा फैसला करेगी। उन्होंने कहा कि ओडिशा में उन्हें सुखद अनुभव हुआ। रघुबर दास ने बताया कि ओडिशा उनके लिए एक यादगार पल रहेगा। लोगों को सलाम करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि ओडिशा 2036 में एक विकसित राज्य बन जाएगा।

## संजय राउत ने वाजपेयी को बताया दूसरा नेहरू

### कहा- जब भी राजधर्म खतरे में होगा, उन्हें याद किया जाएगा

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने दिवंगत भाजपा नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भारतीय राजनीति का दूसरा नेहरू बताया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी राजधर्म खतरे में आएगा, वाजपेयी को याद किया जाएगा। बता दें कि बुधवार 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई जा रही है। शिवसेना (यूबीटी) ने कहा कि भले ही उनकी पार्टी भाजपा के साथ नहीं है, लेकिन इसके बावजूद वाजपेयी को हमेशा याद किया जाएगा।



संजय राउत ने कहा, वर्तमान समय में भाजपा पंडित जवाहर लाल नेहरू की विरासत क बदनाम कर रही है, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी दूसरे नेहरू थे। वे गैर कांग्रेसी पार्टी के नेहरू थे। उन्होंने आगे कहा, कट्टर हिंदित्ववादी होने के बावजूद वाजपेयी का मानना था कि देश सभी का है। वाजपेयी के नेतृत्व के दौरान लोगों का मानना था कि उनकी पार्टी भारत को एकजूत रखना चाहती है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने बताया कि पंडित नेहरू ने वाजपेयी की सराहना करने के साथ उन्हें आशीर्वाद भी दिया था। उन्होंने कहा, बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना संस्थापक) के मन में वाजपेयी के लिए बहुत सम्मान था। वे उनकी बात को महत्व देते थे। जब भी राजधर्म खतरे में आएगा, वाजपेयी को याद किया जाएगा। शिवसेना (यूबीटी) नेता से जब पूछा गया कि क्या उनकी पार्टी स्थानीय निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेगी? उन्होंने कहा, चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने दीजिए।

## बस खाई में गिरी, 27 लोग थे सवार, एक बच्चे समेत चार की मौत

**भीमताल।** उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के भीमताल में आज बड़ा हादसा हो गया। अल्मोड़ा से हल्द्वानी आ रही रोडवेज बस भीमताल-रानीबाग मोटर मार्ग के आमडाली के पास गहरी खाई में जा गिरी। बस के खाई में गिरने से बस में सवार 27 लोग छिटककर इधर-उधर गिर पड़े। हादसे में चार लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें दो महिलाएं, एक पुरुष और एक बच्चा शामिल है। जबकि कुछ गंभीर घायल हैं। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचा।

## यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त, 30 से ज्यादा की मौत

**अस्ताना।** कजाकिस्तान के अक्तौ हवाई अड्डे के पास एक विमान हादसे का शिकार हो गया है। विमान में 62 यात्री और चालक दल के पांच सदस्य सवार थे। हादसे में अब तक 28 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि 30 लोगों से ज्यादा लोगों के मारे जाने की खबर है। हालांकि, मृतकों की आधिकारिक संख्या अब तक सामने नहीं आई है, लेकिन हादसे का वीडियो देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि हताहतों की संख्या काफी अधिक होगी।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, अक्तौ शहर में विमान लैंडिंग के वक्त क्रैश हो गया और आग के गोले में तब्दील हो गया। शुरुआती रिपोर्टों से पता चला है कि अजरबैजान एयरलाइंस का विमान अजरबैजान से रूस जा रहा था। इस बीच इसमें कुछ तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद विमान की ओर से अक्तौ हवाई अड्डे से आपातकालीन लैंडिंग की अनुमति मांगी गई।

## कांग्रेस अपने राजनीतिक लाभ के लिए डॉ. आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल कर रही : हिमंत

**गुवाहाटी।** संसद के शीतकालीन सत्र में शुरू हुए आंबेडकर मुद्दे पर भाजपा भी लगातार कांग्रेस पर हमला बोल रही है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार को कांग्रेस को बेशर्म पार्टी कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने राजनीतिक लाभ के लिए डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल कर रही है। सरमा ने कहा कि कांग्रेस ने जवाहर लाल नेहरू के परिवार के नेताओं के नाम पर तमाम योजनाएं शुरू कीं और कई संस्थान बनाए, लेकिन आंबेडकर के नाम पर ऐसी कोई स्थापना नहीं हुई। सरमा ने कहा कि



कांग्रेस को कोई शर्म नहीं है। जिस पार्टी ने आपातकाल लगाया, संविधान को निलंबित किया, लोकतंत्र की हत्या की, वही कांग्रेस संविधान के नाम पर जुलूस निकाल रही है। इससे साफ है कि उन्हें कोई शर्म नहीं है। अगर उन्हें बेशर्म कहा जाए तो कुछ गलत नहीं होगा। सरमा ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने इंदिरा गांधी आवास योजना शुरू की, राजीव गांधी के नाम पर कई योजनाएं शुरू कीं और देश के कई बड़े विवि का नाम जवाहर लाल नेहरू के नाम पर रखा। सरमा ने कहा कि लेकिन कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर के नाम पर एक भी योजना लागू नहीं की। विवि तो दूर, क्या कांग्रेस ने उनके नाम पर एक स्कूल का नाम भी रखा है? सरमा ने कहा कि क्या मुझे कोई बता सकता है कि पहले राजीव भवन में आंबेडकर की कोई तस्वीर थी? मैं 22 साल तक कांग्रेस में था और राजीव भवन में उनकी एक भी तस्वीर नहीं देखी। असम के सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने आंबेडकर जयंती मनाई, लेकिन सोनिया गांधी, राहुल गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने आंबेडकर की प्रतिमा या चित्र पर माल्यार्पण कब किया? जब आंबेडकर ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था, तब कहा गया था कि देश को नुकसान नहीं होगा। कांग्रेस ने दुनिया में सभी को भारत रत्न दिया, लेकिन आंबेडकर को नहीं। उन्होंने कहा कि आज राजनीतिक लाभ के लिए आंबेडकर की स्मृति, विचारधारा, बलिदान को हथियार बनाया जा रहा है। यह इतना कुख्यात और शर्मनाक है जो भारत में पहले कभी नहीं हुआ।

## पीड़ित बच्चे के परिवार को मिले दो करोड़

**नई दिल्ली।** अभिनेता अल्लू अर्जुन और पुष्पा के निर्माताओं ने भगदड़ में घायल हुए व्यक्ति के परिवार को दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इस बीच, तेलंगाना राज्य फिल्म विकास निगम (एफडीसी) के अध्यक्ष और प्रमुख निर्माता दिल राजू ने कहा कि फिल्मी हस्तियों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से मुलाकात करेगा ताकि सरकार और फिल्म उद्योग के बीच संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके। अल्लू अर्जुन के पिता और दिग्गज निर्माता अल्लू अरविंद, दिल राजू और अन्य लोगों के साथ एक निजी अस्पताल गए, जहां भगदड़ में घायल हुए एक लड़के का इलाज चल रहा है। अल्लू अरविंद ने डॉक्टरों से बात की, जिन्होंने बताया कि लड़का ठीक हो रहा है और अब खुद सांस ले सकता है। इस दौरान अल्लू अर्जुन के पिता ने घोषणा की कि अल्लू अर्जुन ने एक करोड़ रुपये, पुष्पा प्रोडक्शन कंपनी मैत्री मूवी मेकर्स ने 50 लाख रुपये और फिल्म के निर्देशक सुकुमार ने 50 लाख रुपये की सहायता बच्चे के परिवार को दी है। अरविंद ने दिल राजू को चेक सौंपे और उनसे अनुरोध किया कि वह इसे लड़के के परिवार तक पहुंचा दें।

## परमाणु ऊर्जा संयंत्र मामले में हसीना के विरुद्ध जांच शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश में एक भ्रष्टाचार रोधी समिति ने रूपपुर एटमी ऊर्जा संयंत्र में पांच अरब डॉलर के गबन के आरोपों को लेकर पूर्व पीएम शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। बांग्लादेश में रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण में भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। इसका निर्माण रूस की सरकारी कंपनी रोसातम कर रही है। रूस द्वारा डिजाइन किया गया पहला बांग्लादेशी परमाणु ऊर्जा संयंत्र, रूपपुर बांग्लादेश की राजधानी ढाका से 160 किलोमीटर पश्चिम में बनाया जा रहा है। 'बीडीन्यूज' की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बारे में हसीना के साथ उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय और उनकी भांजी एवं ब्रिटेन की वित्त मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक से भी पूछताछ की गई।

## भारत में एक देश एक चुनाव असंवैधानिक और अव्यावहारिक

### सरकार से असहमत प्रशांत भूषण की दलील

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जाने माने वकील और कार्यकर्ता प्रशांत भूषण ने एक देश एक चुनाव पर अपने विचार व्यक्त किए। जहां उन्होंने मंगलवार को इसे अव्यावहारिक और असंवैधानिक बताते हुए कहा कि संसदीय लोकतंत्र में एक साथ चुनाव कराना व्यावहारिक नहीं है क्योंकि सरकार का कार्यकाल बहुमत पर निर्भर करता है।

प्रशांत भूषण ने बात पर भी जोर दिया कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक स्थलों पर कब्ज़ा करने और बुलडोजर न्याय के खिलाफ जो फैसले दिए वे महत्वपूर्ण थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिदों को मंदिरों के लिए अधिग्रहित करने से जुड़ी सभी मुकदमों पर रोक लगाई है जो एक अच्छा कदम है। प्रशांत भूषण ने बुलडोजर न्याय पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने ये भी कहा कि यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर न्याय पर भी रोक लगाई है, जिससे अवैध रूप से संपत्ति ध्वस्त करने पर काबू पाया गया है। इसके अलावा, उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्तियों के दुरुपयोग पर भी चिंता जताते हुए कहा कि ईडी को विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं को परेशान करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। इसके साथ ही प्रशांत भूषण ने आर्थिक लोकतंत्र और राजनीतिक लोकतंत्र के बीच अंतर को समझने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## आतंकी पन्नू की महाकुंभ को लेकर धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

**प्रयागराज।** खालिस्तानी आतंकी पन्नू की महाकुंभ को लेकर दी गई धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। मंगलवार को एडीजी कानून व्यवस्था व एसटीएफ अमिताभ यश शहर पहुंचे और एडीजी, कमिश्नर समेत तमाम आला अफसरों संग बैठक की। उन्होंने मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वह बुधवार को भी शहर में ही रहकर महाकुंभ में सुरक्षा संबंधी तैयारियों का जायजा लेंगे।

महाकुंभ को लेकर आतंकी पन्नू की धमकी संबंधी वीडियो मंगलवार दोपहर में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसकी भनक लगते ही सुरक्षा एजेंसियां



एडीजी कानून-व्यवस्था पहुंचे प्रयागराज

सतर्क हो गईं। स्थानीय खुफिया एजेंसी के साथ ही इंटेलिजेंस भी गोपनीय तरीके से अलग-अलग इलाकों की टोह लेने में जुट गई। उधर, मेला क्षेत्र में कैंप कर रही एटीएस की टीम ने भी मुस्तैदी बढ़ा दी है।

आतंकी खतरों से निपटने में पूरी तरह से सक्षम एटीएस के जवानों ने चप्पे-चप्पे की निगरानी शुरू कर दी है। वहीं, एसटीएफ की स्थानीय इकाई को भी सक्रिय कर दिया गया है। एसटीएफ जवानों की अलग-अलग टीमें संदिग्धों व पूर्व में अनैतिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के बारे में जानकारी जुटाने में लग गई हैं। यह भी पता लगा रही हैं कि वे मौजूदा समय में कहां हैं और उनकी वर्तमान गतिविधियां क्या हैं। मेला सभागार में बैठक के बाद अमिताभ यश मेला क्षेत्र में में पुलिस की ओर से किए गए सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। वह संगम नोज पर पहुंचे और घुड़सवारी करते हुए जल पुलिस की तैयारी का भी जायजा लिया। उन्होंने एंटी ड्रोन सिस्टम का भी जायजा लिया।

सुरक्षा को देखते हुए मेला क्षेत्र के आसपास के इलाकों में रहने वाले किरायेदारों व कर्मचारियों के सत्यापन का काम भी तेज कर दिया गया है। दारागंज के साथ ही कीडगंज, अरैल व झूंसी में भी सत्यापन कराया जा रहा है। इन सभी के आईडी प्रूफ का विवरण भी पुलिस रजिस्टर में दर्ज किए जा रहे हैं। एडीजी कानून व्यवस्था मेला प्राधिकरण स्थित कमांड सेंटर में गूगल मीट के जरिये प्रयागराज से सटे जनपदों के कप्तानों व एडीजी, आईजी से भी रूबरू हुए। महाकुंभ को लेकर सीमाओं पर सघन चेकिंग व श्रद्धालुओं के लिए सुगम यातायात की व्यवस्था के साथ अलर्ट रहने के निर्देश दिए। इसमें एडीजी जोन व आईजी रेंज वाराणसी के अलावा जौनपुर, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, भदोही, कौशाम्बी, चित्रकूट के कप्तान भी शामिल हुए।

# साहकार ग्लोबल रेही में अवैध तरीके से कर रहा रेत का खनन

## कर्थुआ सरपंच ने कलेक्टर से की मांग, रेही रेत खदान से उठाव व खनन बंद कराया जाय

### सरपंच ने कहा मनमानी पर आमदा है रेत ठेकेदार

सिंगरौली

जिले के जनपद पंचायत चितरंगी के ग्राम पंचायत कर्थुआ में संचालित रेही रेत खदान से रेत का उठाव खनन बंद कराए जाने को लेकर पंचायत के सरपंच ने कलेक्टर को आवेदन दिया है। ग्राम पंचायत कर्थुआ के सरपंच आशीष कुमार गुप्ता ने कलेक्टर को दिए आवेदन में कहा है कि ग्राम पंचायत कर्थुआ के ग्राम रेही के आराजी क्रमांक 54 रकवा 6.000 हेक्टेयर 720000 घन मीटर प्रतिवर्ष उठाव की अनापत्ति प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत द्वारा जारी न होने के बाद भी प्रतिदिन रेत का उठाव अवैध तरीके से किया जा रहा हैं। पंचायत के सरपंच ने बताया कि उठाव शासन के


फाइल फोटो

मापदंडों के अनुरूप नहीं है और जब तक ग्राम पंचायत द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता है तब तक रेत का उठाव खनन बंद कराया जाए। इधर बता दे कि रेही रेत खदान को लेकर बीते 18 दिसंबर को लोक जनसुनवाई पर्यावरण विभाग द्वारा आयोजित ग्राम सभा के दौरान ग्रामीण जनों द्वारा आपत्ति अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता के समक्ष दर्ज कराई थी। इसके बावजूद रेत का अवैध तरीके से खनन और उठाव किया जा रहा है। ग्राम पंचायत कर्थुआ के सरपंच ने कलेक्टर को शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि यदि अवैध तरीके से रेत का उठाव किया जा रहा है और कोई अप्रिय घटना होती है तो इसके जिम्मेदार रेत संचालक और सिंगरौली प्रशासन होगा। सरपंच ने कलेक्टर से मांग किया है कि रेही रेत खदान की सारी प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती तब तक रेत का उठाव और खनन बंद कराया जाय।

### क्या सरकार से बड़ा साहकार ग्लोबल

ग्राम पंचायत कर्थुआ के सरपंच और आम जनता ने आरोप लगाते हुए कहा कि पर्यावरण की सुनवाई में अपर कलेक्टर ने कंपनी को आदेशित किया था कि राज्य सरकार को पत्राचार किया जा रहा है सरकार के तरफ से अनुमति आने के बाद ही रेत का खनन किया जाएगा, इसके बावजूद साहकार ग्लोबल कंपनी मनमानी पर उतारू होकर अवैध तरीके से रेत का खनन कर रहा है ऐसे में यही प्रतीत होता है कि क्या साहकार ग्लोबल कंपनी सरकार से भी बड़ी है। या फिर उक्त कंपनी से किसी का समझौता है जो भी हो कर्थुआ के रेही में संचालित रेत खदान की कार्यप्रणाली को लेकर आम जनता में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

### खनन क्षेत्र में रहते हैं मगरमच्छ

कर्थुआ पंचायत के सरपंच आशीष कुमार गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा है कि साहकार ग्लोबल कंपनी को रेही में रेत खनन के लिए लीज दी गई है लेकिन जिस स्थान पर लीज दी गई है उस स्थान से अलग रेत का खनन और परिवहन किया जा रहा है। आरोप में सरपंच ने आगे यह भी बताया कि शासन की गाइडलाइन है कि 10 मीटर की परिधि के अंदर अगर जलीय जीव रहते हैं तो उसे स्थान पर खनन नहीं किया जा सकता। सरपंच ने कहा कि 5 मीटर की परिधि में ही मगरमच्छ रहते हैं इसके बावजूद कंपनी के द्वारा रेत का खनन किया जा रहा है।

# अटल जी की जन्म शताब्दी पर प्रदर्शनी के साथ आयोजित हुये विविध कार्यक्रम

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल जी की 100वीं जयंती पर पार्टी ने जिला स्तर से लेकर मंडलों तथा बूथों तक में विविध कार्यक्रम आयोजित किये। प्रात: काल जिला कार्यालय में अटल जी के संपूर्ण जीवन पर आधारित भव्य प्रदर्शिनी का शुभारंभ जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने किया तथा पार्टी पदाधिकारियों के साथ उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। जिले के समस्त 21 मंडलों में अटल जी की जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ तथा उनके जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर आधारित गोष्ठियों का आयोजन हुआ। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि अटल जी की जयंती को भारतीय जनता पार्टी सुशासन दिवस के




रूप में मनाती है। सुशासन दिवस के इस कार्यक्रम के लिये भारतीय जनता पार्टी ने जिला महामंत्री सुंदरलाल को संयोजक बनाया था जिनकी अगुवाई में जिले भर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ इसी क्रम में बैढ़न के मुख्य बाजार में दुर्गा मंडप के पास एक काव्यांजलि का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र के जाने-माने कवियों ने अपने काव्य स्वरों के साथ अटल संध्या को सुशोभित किया।अटल प्रदर्शिनी के शुभारंभ के अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, आशा यादव, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय, जिला मंत्री विनोद चौबे, वरिष्ठ नेता संतोष वर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, कार्यालय मंत्री कृष्ण कुमार कुशवाहा, रामाधार गुप्ता , रीता सोनी, राम जी उपस्थित रहे।

# कई महीनों के बाद आप के पदाधिकारी हुए एकत्रित

## पार्टी मजबूत करने के साथ साथ तमाम गंभीर मुद्दे पर हुई चर्चा

**सिंगरौली।** आम आदमी पार्टी सिंगरौली जिले में जिला उपाध्यक्ष कुंभेश्वर जायसवाल के नेतृत्व में कई पुराने साथियों के साथ नए कार्यकर्ताओ के बैठक मल्हार पार्क बैढ़न में रखा गया,बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सोनी की पार्टी में सदस्यता बहाली ओर सभी ने स्वागत करते हुए बधाई दिए उसके बाद चर्चा में पार्टी को और मजबूती देने के साथ-साथ जिले में फैले व्याप भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, सड़क दुर्घटना जैसे गंभीर मुद्दे पर चर्चा किया गया,चर्चा उपरांत पार्टी के कई वरिष्ठों ने कहा कि पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए लोगो को अधिक से अधिक जोड़ने का प्रयास करना चाहिए, सिंगरौली की जनता को आम आदमी पार्टी के ऊपर काफी उम्मीद हैं और उनके उम्मीदों के कायम करना हम सभी का कर्तव्य है,नगर निगम में हमारी सरकार होने के बाद भी जनता के अंदर असन्तोष देखने को मिल रहा है,नगर मिगम क्षेत्र में नाली पानी रोड के लिए जनता को भटकना पड़ रहा है,इस पर हम सभी काम करने के जरूरत है,जिले के बेरोजगार युवा तमाम तरह की आउटसोर्सिंग कंपनियों के होने के बाद भी रोजगार के दर-दर भटकने के लिए मजबूर हैं,आम सड़को से बड़े बड़े कोयला एवं राखड़ वाहनों को दौड़ाया जा रहा है,जिसके वजह से प्रत्येक दिन भीषण सड़क दुर्घटना हो रही है,हम सभी जिले के लोगो के साथ मिलकर इस मुद्दे को उठाने का काम करेंगे,आज के बैठक में आम आदमी पार्टी के विवेक सोनी,लौकेश पांडेय,दीपक चंद मौर्या, श्याम सुंदर विश्वकर्मा, मनोज झा,रवि चंद शर्मा, आर के सिंह,इंदु सोनी,लाले राम प्रजापति, दुबराज पाल, विमल शाह,राम प्रवेश शाह,संजय शाह,राममिलन शाह,अवनीश वर्मा एवं कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अटल जी की जयंती व सुशासन दिवस पर विधायक ने मरीजों को किया फल वितरण

**सिंगरौली।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पं. अटल बिहारी वाजपेयी जी के जयंती पर सुशासन दिवस मनाया जाता है इस अवसर पर बैढ़न मंडल नवनिर्वाचित अध्यक्ष सौरव गुप्ता के नेतृत्व मे जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न अस्पताल में पहुँचकर उपचार हेतु मरीजों को सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह के मुख्य अतिथि मे साथ ही भाजपा महामंत्री सुंदरलाल शाह, कैबिनेट दर्जा प्राप्त दिलीप शाह, भाजपा उपाध्यक्ष राजेश तिवारी (रज्जू भैया), महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल के द्वारा मरीजों को फल वितरण किया गया ।उक्त जयंती व सुशासन दिवस के अवसर पर फल वितरण कार्यक्रम मे उपाध्यक्ष महामंत्री रिचा सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सुनील दुबे, कमल नयन चौरसिया, धर्मेंद्र शाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप चौबे, मंडल मंत्री सावित्री प्रजापति सहित भाजपा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खंडहर में तब्दील हो रही आंगनबाड़ी भवन, तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**सिंगरौली।** बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु मध्य प्रदेश शासन द्वारा बेहतर शिक्षा एवं पोषण हेतु आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना की गई है। ग्राम शिवगढ़ वर्तमान में नगर परिषद सरई के वार्ड क्रमांक 11 में आंगनवाड़ी भवन का निरीक्षण तहसीलदार सरई चन्द्रशेखर मिश्रा के द्वारा बुधवार को किया गया। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि आंगनवाड़ी भवन का निर्माण वर्ष 2019 से चल रहा है जो आज तक खत्म नहीं हुआ अब भवन खंडहर हो रहा है। ग्राम पंचायत भी ध्यान नहीं दे रहा है और अब नगर परिषद ने भी कोई खैर खबर नहीं लीहै। नौनिहालों का भविष्य किराए के छत पर निर्भर है। उक्त



भवन लाखों रुपए की स्वीकृत होकर तैयार हुई थी पर छत के अभाव में जर्जर अवस्था में जिन चीन हालत में हो गई है। तहसीलदार सरई के द्वारा मौके पर स्थित अतिक्रमण तत्काल अनावेदको को अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया। निरीक्षण में भवन धीरे-धीरे जर्जर अवस्था में पहुंचने की स्थिति सामने आई। स्थानीय वार्ड पार्षद को विधिवत नगर परिषद के माध्यम से उक्त भवन के निर्माण के संबंध में कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। विदित हो कि ग्राम पंचायत से नगर परिषद संविलियन होने से विकास के बहुत सारे कार्य लंबित हो गए। वर्तमान समय में भी नगर परिषद सरई में बहुत सारे ऑनलाइन पोर्टल बंद चल रहे हैं। संपत्ति का अधिग्रहण विधिवत आज भी नहीं किया गया है। स्थानीय स्तर पर संपत्ति कर भवन निर्माण की अनुज्ञा जैसी कार्यवाहियां लंबित है। जब किसी अधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया जाता है तब नगर परिषद की उदासीनता सामने आती है। अब देखना होगा की जिम्मेदार कब तक इस शासकीय भवन का निर्माण कर पाते हैं।

# विधायक एवं कलेक्टर की अध्यक्षता में बैंकर्स की त्रैमासिक डीएलसीसी की बैठक हुई संपन्न

**सिंगरौली।** विगत दिवस विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह की गरिमामय उपस्थिति में एवं जिला कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स की त्रैमासिक डीएलसीसी बैठक का आयोजन हुआ । विधायक सिंगरौली ने कहा कि नवीन उद्योगों-व्यवसायों के स्थापना एवं कृषि संबंधित योजनाओं को सभी विभाग तत्परता के साथ बढ़ावा दें । उन्होंने कहा कि योजनाओं के विस्तार प्रचार हेतु जो भी समर्थन की आवश्यकता होगी वो पूर्ण की जाएगी । बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने केंद्र एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाई जाने वाली हितग्राही मूलक योजनाओं की



बैंकवार जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए की सभी विभाग एवं बैंकर्स समन्वय बनाकर पूरी तत्परता के साथ दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप स्वरोजगार संबंधित योजनाओं के आवेदनों का निराकरण करें। जिन योजनाओं में स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है उन योजनाओं से संबंधित हितग्राहियों को लाभ का वितरण समय सीमा के भीतर करवाएं। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए की जनकल्याण अभियान में लगाए जा रहे हैं शिवरों के माध्यम से आम जनता को सुरक्षा बीमा हेतु जागरूक करें । उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत व्यक्ति को बीमा की राशि समय से क्लेम हो यह बैंकर्स को सुनिश्चित करना होगा इसके लिए जो भी आवश्यक डॉक्यूमेंट एवं सर्टिफिकेट की जरूरत है उसे बैंकों के सूचना पटल पर लगवाएं। वही विधायक सिंगरौली द्वारा निर्देश दिया गया कि कृषि के क्षेत्र में फाइनेंसिंग को बढ़ावा देने हेतु बैंकर्स को दूरस्थ स्थल में स्थित गांवों में लोकल फाइनेंसिंग को बढ़ावा दिया जाए साथ ही पोल्ट्री फार्म कुटीर उद्योग जैसे प्रकरणों को प्राथमिकता देकर ग्राम वासियों का आर्थिक उत्थान करें।

# आम आदमी पार्टी ने पीएम व सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**सिंगरौली।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रतिभान प्रसाद साकेत ने पीएम व सीएम के नाम सिंगरौली कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मप्र में सुशासन के स्थान पर कुशासन विद्यामान होने से कुछ सवालो का जवाब मांगा है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि प्रदेश में 2013 से लगातार भाजपा की सरकार विद्यमान है और भाजपा को प्रदेश की जनता जनार्दन ने चुनावों में हमेशा आपके सुशासन के वायदो पर विश्वास कर मतदान किया है लेकिन वर्तमान भाजपा की डबल इंजन सरकार के कार्यकलापों से नही लगता की प्रदेश में सुशासन है। आगे उल्लेख किया है कि अटल बिहारी बाजपेयी के सुशासन के नाम से भाजपा का यह कैसा कुशासन जहां प्रदेश में रोज दुष्कर्म, आदिवासियों, दलितों के साथ अत्याचार, सत्तापक्ष के विधायक गुण्डो से त्रस्त, सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं नदारत, एयर एम्बूलेंस व 108 उपलब्ध नही,हर नागरिक पर पचास हजार का कर्जा सहित अन्य समस्याओं को उल्लेख किया है।

# नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र सिंगरौली मे हुआ शुभारंभ

**सिंगरौली।** मप्र जन अभियान परिषद जिला सिंगरौली द्वारा चयनित नवांकुर संस्थाओं का समृद्धि योजनान्तर्गत दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र सिंगरौली में किया गया शुभारंभ। जिसमें मुख्य अतिथि नागेन्द्र बहादुर सिंह नगर संघ चालक आरएसएस एवं रिटायर्ड जीएम एनसीएल, संजीव पाण्डेय संयुक्त कलेक्टर एवं जिला योजना अधिकारी, रमेश सिंह रिटायर्ड आर.आई एवं विभाग कार्यालय प्रमुख, राजकुमार विश्वकर्मा जिला समन्वयक जन अभियान परिषद् सिंगरौली एवं नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शुभारंभ से पहले सरस्वती माता और गणेश जी की प्रतिमा पर दीपप्रज्वलीत एवं पुष्पगुच्छ अर्पित कर किया गया। सभी अतिथिओं का स्वागत कर किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में जिला समन्वयक राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा जन अभियान परिषद् का परिचय एवं प्रशिक्षण के विषय पर विस्तार से बताया गया। संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डये द्वारा नवांकुर एवं प्रस्फुटन समिति द्वारा किये जाने वाले कार्य एवं योजनाओं को क्रिन्यावनय के बारे मे प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि नागेन्द्र सिंह द्वारा ग्रामो में स्वालंबन एवं कार्य करने के मागदर्शन प्रदान किये गये। वही प्रशिक्षण में उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश द्वारा संस्थाओं के प्रतिनिधियो के साथ बृक्षारोपण किया गया एवं फील्डविजिट किया गया। आदर्श ग्राम में कैसे कार्य किया जाना है विस्तार से बताया गया एवं गौशाला संचालन, जलसंरक्षण, जैविक कृषि के संबंध में चर्चा किये। प्रशिक्षण में उपस्थित नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, रामसुरत विश्वकर्मा, श्रीनिवास श्रीवास्तव, शिवप्रसाद साहू, शिवचरण कुशवाहा, जगप्रसाद विश्वकर्मा, द्वारिका कुशवाहा, मनोहर लाल वर्मा, रमेश गुर्जर, यदुवंश यादव, रजनीश साहू, उमाशंकर बैस, गौरव बैस, विवेकानंद द्विवेदी, शिवेन्द्रधर द्विवेदी परामर्शदाता सीमा भारती, धर्मेन्द्र सिंह, अस्मिता गुप्ता, अभिषेक कुमार उपाध्याय उपस्थित रहें।

# कार बैक करते समय हुआ हादसा,कार से कुचलकर 4 माह के मासूम की हुई मौत

**सिंगरौली।** बुधवार को मोरवा थानांतर्गत न्यू मछली मण्डी मोरवा के पास स्वीफ्ट डीजायर कार बैक करते वक्त जमीन पर कंबल में सो रहे 4 माह के मासुम की कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद कार चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया। घटना के बाद चालक मौके से फरार बताया गया। वहीं लोगों ने घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर मोरवा थाना प्रभारी निरीक्षक कपूर त्रिपाठी दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर लोगो को समझाइस देते हुए मामले की तहकीकात में जुट गये। पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर



मामले की जांचकर रही है। पुलिस एवं स्थानीय लोगो द्वारा मृतक के परिजनो काफी समझाइस दिया गया। तब जाकर मामला शांत हुआ। बताया गया है कि गाड़ी मालिक द्वार मृतक के पिता को 50 हजार रूपये आर्थिक सहायता के रूप में दिया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 8 बजे लाल बादशाह डोम निवासी सुरियावा थाना सुरियावाँ जिला संत रविदास नगर (उ.प्र.) हाल न्यू सब्जी मण्डी मोरवा के 4 माह का लड़का आर्यन डोम न्यू मछली मण्डी के पास कंबल ओढ़कर सो रहा था। उसी समय स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 15 डीसी 6443 का चालक कार बैक करते समय मासुम के उपर चढ़ गया। आनन फानन में उसे तत्तकाल जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर ले जाया गया जहाँ डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि लाल बादशाह का यह पुत्र काफी दिनो बच्चे नही होने पर कई मन्नतो के बाद यह पुत्र हुआ था लेकिन वह भी दुर्घटना में काल के गाल में समा गया।

# अवैध खनन में पुलिस के सांठगांठ का आरोप, महाकाल कर रहा डील

## महीना वसूलती हैं पुलिस, धृतराष्ट्र बने जिम्मेदार, जीवनदायनी नदी का अस्तित्व खतरे में

**सिंगरौली।** जियावन थाना क्षेत्र अंतर्गत रेत के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ कई बार हुआ है, पूर्व में महाकाल नाम से चर्चित पुलिस कर्मी का रेत कारोबारी से बातचीत का ऑडियो भी वायरल हुआ था लेकिन अपने रसूक और पहुंच के चलते जिम्मेदार अधिकारी भी उसे हटाने में लाचार रहें। अब जब एक बार फिर ट्रैक्टर में अवैध रेत लोड का वीडियो और फोटो वायरल हो रहा हैं । ऐसे में चर्चा है कि एसपी इस मामले में कड़ी कार्यवाही कर सकते हैं। यह वीडियो और फोटो क्षेत्र की




जीवनदायिनी महान नदी का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार महान नदी के घाट चकुआर, जियावन, मजौना, कारी,सरपतही, सहुआर,ढ़ोगा से रेत का अवैध कारोबार शाम होते ही पूरे शबाब पर रहता है। दिन ढलते ही रेत घाटों से बालू निकालने का काम शुरू हो जाता है। फिर देर रात तक सड़कों पर अवैध रेत के ट्रैक्टर दौड़ते रहते हैं। परंतु इन्हें देखने व रोकने के लिए कोई नहीं है। सूत्रों की माने तो रात्रि में इन दिनों गस्त बंद है। हालांकि चर्चित महाकाल पुलिस कर्मी अपने मुखविरों के जरिए पूरे कारोबार पर नजर रखता है। महाकाल अपने गुर्गों और रेत कारोबारियों को रात भर गस्त कराता है ताकि अवैध रेत कारोबार का कोई वीडियो और फोटो बनाकर उजागर न कर दे। सूत्रों का दावा है कि रेत के अवैध कारोबार से महाकाल करोड़ों का आसामी बन चुका है। ईओडब्ल्यू छापा डाले तो कई करोड़ रुपए मिलने की संभावना जताई जा रही है। रेत के अवैध कारोबार के संबंध में देवसर एसडीओपी राहुल कुमार सैयाम का पक्ष जानने के लिए उनको फोन लगाया गया तो उन्होंने पूर्व की तरह इस बार भी फोन नहीं उठाया।

सूत्रों की माने तो थाने से अवैध रेत से भरे ट्रैक्टरों की निकासी के लिए सुविधा शुल्क देना होता है। जियावन थाना पुलिस 50 हजार रुपये महीना पर ट्रैक्टर वसूलती है। वहीं झोंकों चेक पोस्ट दो हजार रुपये पर ट्रैक्टर में सेट है तभी अवैध रेत के कारोबारी पुलिस की मिलीभगत से रेत का यह अवैध कारोबार कर पा रहे हैं।

# देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेयी ने देश में सुशासन की आधारशिला रखी थीः सांसद

## सीधी जिले की 14 ग्रामपंचायतों में 524.86 लाख रुपये से अटल ग्राम सुशासन भवनों का शिलान्यास किया गया

### पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती पर सुशासन दिवस का हुआ आयोजन

**सीधी।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। अटल ऑडोटोरियम सीधी में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, मीरा विश्वकर्मा, पार्षद बाबूलाल कुशवाहा, आनंद परियानी, जमुना कोल, सोमवती जायसवाल सहित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में खजुराहो छतरपुर से आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास और ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण किया। साथ ही प्रदेश में 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का शिलान्यास तथा सिंगल क्लिक से प्रथम किस्त का अंतरण किया। कार्यक्रम में सीधी जिले की 14 ग्रामपंचायतों के लिए 37.49 लाख रुपये लागत से कुल 524.86 लाख रुपये से अटल ग्राम सुशासन भवनों का शिलान्यास किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेयी ने देश में सुशासन की आधारशिला रखी थी। उनके द्वारा प्रारम्भ की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क जैसी योजनाओं ने देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाकर पूर्व प्रधानमंत्री को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। यह हमारा सौभाग्य है कि इस वर्ष हम पूर्व प्रधानमंत्री का 100 जन्मजयंती वर्ष मना रहे हैं। यह एक वर्ष तक शताब्दी समारोह के रूप में चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने नदी जोड़ो का जो अभियान शुरू किया था प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी उसे मूर्त रूप देने का कार्य कर रहे हैं। आज केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास कर उन्होंने बुंदेलखंडवासियों को सौगात दी है जिससे उस क्षेत्र में खुशहाली के द्वार खुलेंगे। राज्य सभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अटल जी ने देश को अपनी दूरदर्शिता और इच्छाशक्ति से समृद्धिशाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी योजनाएं अंत्योदय के लिए थी। वह शासन और प्रशासन को समाज के गरीब और वंचित वर्गों के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते थे। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरित होकर सुशासन के नए मापदंड स्थापित कर रहे हैं।

विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक एवं विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा लोगों को जिले को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने सुशासन और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। जिले की जनपद पंचायत मझौली अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन देवरी, सिरौला, सहिजनहा एवं बनियाटोला, सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन सुपेला, पतुलखी, दुधमनिया, दुअरा, चितवरिया, घोपारी एवं खोरी तथा सीधी अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन बमुरी, झगरहा एवं छुहिया में 37.49 लाख रूपये लागत से अटल ग्राम सुशासन भवनों का निर्माण किया जावेगा।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही महिला बाल विकास विभाग, जनधन बैंक खाता, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन धन विकास केन्द्र तथा आजीविका मिशन द्वारा उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का हितलाभ वितरण किया गया। इस अवसर पर के के तिवारी, देवेन्द्र त्रिपाठी, पंकज पाण्डेय, रोहित मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अशोक तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राहियों द्वारा सहभागिता की गई।

# वैदिक गणित की प्रासंगिकता विषय पर शासकीय महाविद्यालय मड़वास में संगोष्ठी सम्पन्न



**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. आई.पी.प्रजापति के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय मड़वास में गत दिवस भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत महान गणितज्ञ श्री रामानुजन की जयंती के अवसर पर ष्वैदिक गणित की प्रासंगिकता ष्विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वास की प्राचार्य श्रीमती मंजू सिंह ने कहा कि मनुष्य के जन्म के साथ ही गणित का साथ शुरू हो जाता है। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में सुश्री ऋशा सिंह शिक्षिका शा.उ.मा.वि.मड़वास ने वैदिक गणित की बारीकियों के बारे में छात्र/छात्राओ को बताया। सह वक्ता के रूप में डॉ. अमिता खरे ने कहा कि हमारे जीवन में गणित की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के गणित विभाग की डॉ. संध्या वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि गणित के बिना जीवन अधूरा है। महाविद्यालय की गणित की छात्रा कुमारी स्वतंत्रता तिवारी ने वैदिक गणित पर अपनी बात रखी और छात्रा कुमारी निकिता गुप्ता ने महान गणितज्ञ श्री रामानुजन की जीवनी के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपक अग्निहोत्री तथा आभार प्रदर्शन डॉ. लक्ष्मीकांत कुशवाहा ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के डॉ. कमलेश जायसवाल डॉ. सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, डॉ. सौरभी गुप्ता, डॉ. आकांक्षा मिश्रा, डॉ. निशा सिंह, डॉ. ज्योति रजक, डॉ पंकज मिश्रा, प्रो. प्रवीण कुमार, डॉ. राजेश पटेल, डॉ. अनुराग तिवारी श्री सुंदरलाल प्रजापति श्री अनिल केवट सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।

# सहकारिता के प्रति जागरुकता बढ़ाने सहकार से समृद्धि कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## नवीन गठित मत्स्य सहकारी समितियों के अध्यक्षों को पंजीयन प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया

**सीधी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि दिनांक 25.12.2024 को भारत सरकार के सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह द्वारा देशभर में 10 हजार नवगठित विभिन्न सहकारी समितियों का शुभारंभ नई दिल्ली से किया गया। जिसका जिला स्तर पर सीधा प्रसारण अटल ऑडोटोरियम सीधी में तथा जिला सिंगरौली में शाखा बैढ़न में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बैंक शाखा, सहकारी समिति के कर्मचारी, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं किसानों की अच्छी उपस्थिति रही। इसी प्रकार यह कार्यक्रम इफको द्वारा सहकारी समितियों को प्रदत्त एलईडी टीवी के माध्यम से जिला सीधी में 24 सहकारी समितियों में एवं जिला सिंगरौली में 18 सहकारी समितियों में आयोजित किया गया तथा इसका लाभ आसपास की सहकारी समितियों के कर्मचारियों एवं किसानों द्वारा लिया गया। इसके साथ ही दोनों जिलों के हजारों किसानों आदि द्वारा उक्त कार्यक्रम को अपने मोबाईल/टीवी पर भी देखा व सुना गया तथा केन्द्र शासन द्वारा सहकारी समितियों के माध्यम से संचालित व भविष्य में संचालित होने वाली योजनाओं के बारे में अवगत हुए। यह कार्यक्रम पूरे देश में सहकारी संस्थाओं एवं इससे जुड़े लोगों द्वारा देखा गया व लाभान्वित हुए। सीधी जिले में ''सहकार से समृद्धि'' कार्यक्रम का आयोजन अटल ऑडोटोरियम में आयोजित किया जाकर सीधा प्रसारण उपस्थित विभाग, बैंक व सहकारी समितियों के पदाधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ उपस्थित किसानों के द्वारा देखा गया। इस दौरान नवीन गठित मत्स्य सहकारी समितियों के अध्यक्षों को पंजीयन प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों व आमजन में सहकारिता के प्रति जागरुकता बढेगी एवं सहकारिता के माध्यम से संचालित योजनाओं का लाभ परस्पर ले पायेंगे।

# राज्य स्तरीय महिला खो-खो में रीवा संभाग बना विजेता

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में संपन्न हुआ राज्य स्तरीय खो-खो (महिला) प्रतियोगिता

**सीधी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता के दूसरे दिन 24.12.2024 का खेल सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। सांसद ने खेल को महत्व देते हुए आने वाले समय में और अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ पीके सिंह अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ रामभूषण मिश्रा शारीरिक शिक्षा/क्रीडा विभागाध्यक्ष, डॉ विनोद राय वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी, डॉ सुरेंद्र बहादुर सिंह पूर्व प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी, आदि अन्य गणमान्यों के समक्ष प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच का आयोजन हुआ।




प्रतियोगिता में कुल 9 टीमों में चार टीम सेमीफाइनल में पहुंची। पहला सेमीफाइनल मैच उज्जैन और रीवा के बीच खेला गया, इस मैच में रीवा की टीम विजेता होकर फाइनल मैच में पहुंची। दूसरा सेमीफाइनल मैच इंदौर व जबलपुर के बीच खेला गया, रोमांचकारी मैच में जबलपुर की टीम फाइनल में पहुंची।

खो खो प्रतियोगिता के फाइनल मैच में रीवा ने जबलपुर को हराकर राज्य स्तरीय खिताब अपने नाम कर लिया। नेहा मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया एवं शुभकामनाएं दी गई।

इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओ.पी. नामदेव का मार्गदर्शन, संयोजक क्रीड़ा अधिकारी श्री अजय कुमार यादव, मंच संचालन डॉ. दिलीप कुमार सोनी एवं डॉ हरिचरण अहिरवार द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन मंडल में रीवा संभाग के समस्त क्रीड़ा अधिकारी व सीधी अग्रणी महाविद्यालय के डॉ.रविंद्र नाथ सिंह कन्या महाविद्यालय के डॉ देवेंद्र कुमार सोनी, डॉ राजेश साहू, डॉ प्रतिमा कौल, डॉ आका सिंह तिवारी, डॉ बालेंद्र पटेल, डॉ सत्येंद्र उपाध्याय, प्रोफेसर पुष्पेंद्र कुमार शाह, डॉ विजय कुमार पांडेय, डॉ नवीन सिंह, डॉ विनोद साकेत, श्रीमती सिया सिंह, श्री अनिल सिंह, दुर्गा सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। सीधी कोच श्री कैलाश वर्मा की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम का आभार क्रीड़ा अधिकारी श्री अजय कुमार यादव द्वारा किया गया।

# सर्व सुविधा युक्त मुक्ति धाम के लिये कमल ने दान की भूमि, 50 लाख की लागत से सुविधाओं में होगा विस्तार : नपा अध्यक्ष

**सीधी।** पं.मदन मोहन मालवीय एवम पं.अटल बिहारी बाजपेई के जयंती अवसर पर जिले के वरिष्ट समाजसेवी कमल कामदार ने मानवता की मिशाल प्रस्तुत की और अपने वर्षो पुराने सपने को साकर करते हुए 25 दिसम्बर को लगभग 18 लाख रूपए मूल्य की भूमि सर्व सुविधा युक्त मुक्ति धाम निर्माण के लिये नगर पालिका को दान में दी है।

कमल कामदार ने बताया कि बुधवार को मुक्ति धाम में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें सिंधी पंचायत एवम नगर के गणमान्यजनो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी निभाई इसके उपरांत कार्यक्रम का आयोजन कर मुक्ति धाम से सटी हुई तीस बाई साठ की भूमि जो निजी स्वामित्व की थी, उसे दान पत्र के माध्यम से नगर पालिका परिषद सीधी के हॉथो सौंपा गया है। उक्त दान पत्र नगर पालिका परिषद सीधी की अध्यक्ष काजल वर्मा को सौंपा गया, साथ ही डॉ.अनूप मिश्रा समाजसेवी, अधिवक्ता विनोद वर्मा, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष दिलीप सितानी सहित अन्य मौजूद सैकड़ो लोगों ने ह्दय से साधुवाद व्यक्त किया। दानादाता कमल कामदार एवं विनोद कामदार पिता स्व. छुग्गाराम कामदार, निवासी नूतन कालोनी वार्ड नं. 4 सीधी ने बताया कि वार्ड नं. 21 मुक्ति धाम से लगी हुई भूमि खसरा क्रमांक 16/61, 1800 वर्गफिट भूमि में अपने अपने माता पिता एवं पूर्वजो की याद में अपने सपनो को साकार करते हुए मुक्तिधाम हेतु दान करते हुए भूमि की रजिस्ट्री एवं ऋ ण पुस्तिका नगर पालिका अध्यक्ष को सौंप दी गयी है।



भूमि दान कार्यक्रम के समापन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष काजल वर्मा ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि कमल कामदार एवं विनोद कामदार द्वारा भूमि दान वास्तविक रूप से सराहनीय कार्य है। नगर के मुक्ति धाम से सटे भू खण्ड में सर्व सुविधा युक्त बैठक व्यवस्था, पेड़ पौधे एवं अन्य मूलभूत जरूरतों की पुर्ति हेतु तैयार किया जायेगा।

# चिंता दुख की ओर,चिंतन समाधान की ओर ले जाता हैः शिवदत्त

**सीधी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सीधी द्वारा आयोजित समृद्धि योजना अंतर्गत जिला स्तरीय नवांकुर संस्थाओं का आवासीय प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस के प्रारंभिक सत्र दीप प्रज्वलित कर प्रथम दिवस रीकैप के साथ सत्र प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का कुशल संचालन अंबिकेश मिश्रा द्वारा ने किया गया। प्रथम सत्र सोशल ऑडिट पर जानकारी देने के लिए विषय विशेषज्ञ लालता प्रसाद केवट द्वारा ऑडिट क्या है,क्यों आवश्यक है,कब से प्रारंभ हुआ, इसकी आवश्यकता क्यों है, मनरेगा जैसे विषयों को लेकर विस्तार से प्रकाश डाला गया। सीएसआर पर श्री आजाद सिंह विकासखंड समन्वयक स्वच्छ भारत अभियान विकासखंड सिहावल द्वारा कारपोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी एक स्वैच्छिक संगठन को आर्थिक रूप से सशक्त के साथ-साथ अनुदान हेतु व्यवस्था है। बड़ी-बड़ी कंपनियां अपनी शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत ग्राम के विकास में शिक्षा, बेरोजगारी, भुखमरी, कुपोषण, पर्यावरण, वृद्ध आश्रम जैसे विषयों पर आपके दक्षता के आधार पर अनुदान प्रदान करता है, अनुदान प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेज के साथ आपके कार्यों से समाज में बड़ा बदलाव आया हो,आपके कार्य प्रतिवेदन आदि बातों को विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किए। व्यक्तित्व एवं नेतृत्व विकास पर अपनी बात जिला समन्वयक जन अभियान श्री शिवदत्त उर्मलिया रखी। व्यक्तित्व क्या है कैसे विकास होता है, विचार, भावनाओं, गुणों आदि का समुच्चय व्यक्तित्व है, नेतृत्व करता, बंदर शैली का नेतृत्व, मधुमक्खी का नेतृत्व, शिशु बद्ध नेतृत्व निरंकार, निस्वार्थ एक भाव है के साथ अपनी बात रखी।

# सीधी प्रीमियर लीगः सीएचए सीधी ने 55 रना से जीता मैच



**सीधी।** सीधी प्रीमियर लीग का तीसरा मैच एवं पहला सेमीनफाइनल मैच बीसीसीएन नागौद और सीएचए के बीच खेला गया। इस मैच में मुख्य अतिथि गोपद बनास के पूर्व विधायक जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष के.के.सिंह भंवर साहब रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सीधी प्रीमियर लीग के अध्यक्ष डॉ.अनूप मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वनमंडल अधिकारी राजेश कन्ना, रोहन सिंह, विवेक सिंह, राजेंद सिंह, उपेन्द्र सिंह रहे। इस मैच में सीएचए सीधी की टीम टॉस जीत का पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 35 ओवरों में 226 रन बनाए सीएचए सीधी की तरफ से अम्बिकेश सिंह ने 60 रन अमन ने 57 रन बनाए एवं नागौद की तरफ से आकर्ष ने 2 विकेट लिए। नागौद की टीम 171 रन पर ऑल आउट हो गई। नागौद की तरफ से सर्वाधिक मोहम्मद गुड्डू 52 रन बनाए एवं सीएचए सीधी की तरफ से आकाश एवं मासूम रजा दोनों ने 3-3 विकेट लिए। सीएचए सीधी की टीम इस मैच को 55 रनों से जीत लिया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच मासूम रजा रहे। इस मैच के अंपायर रवि दीप द्विवेदी व कुश पाण्डेय रहे। आज का मैच पूल बी का पहला मैच बिना 11 रीवा और डीसीए सतना के बीच खेला जाएगा।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन, विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**सीधी।** जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार पंच प्रण और आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक 12 से 16 जनवरी 2025 के मध्य नई दिल्ली में 28वाँ राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जावेगा, जिसमें राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। इसी तारतम्य में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव (जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी) के निर्देशन में प्राचार्य शम्भूनाथ त्रिपाठी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-01, लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक अर्जुन सिंह, नेहरू युवा केन्द्र की उपस्थिति में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना सीधी के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 23 एवं 24 दिसम्बर 2024 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-01 सीधी के विवेकानन्द हाल में किया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ माँ सरस्वती, गणेशजी, तुलसीदास एवं स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना गायन कर किया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में - भाषण, कविता लेखन, कहानी लेखन, मोबाईल फोटोग्राफी, चित्रकला, विज्ञान मेला, लोक नृत्य ''सामूहिक'' लोकगीत ''सामूहिक'' आदि विधाओं में जिले के समस्त विकासखण्ड के विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी उत्कृष्ट कलाओं का प्रदर्शन किया।



अरविन्द श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी) सीधी द्वारा बताया गया कि मप्र शासन के निर्देशुनसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी एवं नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में युवा उत्सव का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है एवं इसका उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने हेतु मंच प्रदान करना है ताकि वे अपने कला का प्रदर्शन कर अवसर का लाभ प्राप्त कर सके। प्रतियोगिता में विज्ञान मेला (एकल) में सुजल पटेल प्रथम, आयुष द्विवेदी द्वितीय, पुरूषोत्तम गुप्ता तृतीय, विज्ञान मेला (समूह) में नितिन पटेल एवं साथी प्रथम, आयुष मिश्रा एवं साथी द्वितीय, समर्थ पाण्डे एवं साथी तृतीय, भाषण में अंकिता यादव प्रथम, अंकुश सिंह पनिका द्वितीय, प्रतिभा साकेत तृतीय, कविता लेखन में रोहित कुमार पाण्डेय प्रथम काजल रजक द्वितीय, पूनम प्रजापति तृतीय, कहानी लेखन में अंशिका चौरसिया प्रथम, अविनाश कुमार वर्मा द्वितीय, खेलेश्वर साकेत तृतीय, चित्रकला में राज सोनी प्रथम, मिनाक्षी विश्वकर्मा द्वितीय, अर्पिता पाठक तृतीय, मोबाईल फोटोग्राफी में शिवमसिंह चौहान प्रथम, अंकित वर्मा द्वितीय, आशुतोष जायसवाल तृतीय, लोकनृत्य सामूहिक में माउंटेन डांस ग्रुप सीधी प्रथम, प्रज्ञा प्रजापति एवं साथी द्वितीय, रिया तिवारी एवं साथी तृतीय, लोकगीत सामुहिक में कोमल मिश्रा एवं साथी प्रथम, लवली शुक्ला एवं साथी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के निर्णायक हीरालाल सिंह चन्देल, पद्मधर शर्मा, सुरेन्द्र कुमार शुक्ला, इंजीनियर आर.आर. सिंह, अजीता द्विवेदी, ज्योति सिंह, सुलोचना पाण्डेय, रोशनी प्रसाद मिश्रा रजनीश जायसवाल, प्रजीत साकेत, अरविन्द सिंह परिहार, मानिन्द शेर अली खान, संतोष यादव, अनूप लखेरा, अंकिता सेन, राकेश कुमार शुक्ला, राजबली सिंह, राजेश कुमार सोंधिया रहे। आयोजन के समापन के दौरान प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्र-01, लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक अर्जुन सिंह नेहरू युवा केन्द्र, कृष्णानन्द मिश्रा, जयबीर सिंह, अमित द्विवेदी, सरोज पटेल, ललिता साकेत, युवा समन्वयक खेल विभाग, प्रतिभा सोंधिया, संतोष कुमार नेहरू युवा केन्द्र, समस्त निर्णायक, कलाकार, गणमान्य नागरिक एवं दर्शकों की उपस्थिति में सभी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये एवं नगद पुरस्कार नेहरू युवा केन्द्र सीधी द्वारा प्रदाय किया जावेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर के लिए चलाई जाएगी हीटर वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे जम्मू-कश्मीर के लिए 2 स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि आने वाले महीनों में कश्मीर से कनेक्टिविटी बढ़ाने का का प्लान है। इसके तहत, नई दिल्ली से श्रीनगर के बीच स्पेशल स्लीपर ट्रेन चलाई जाएगी। यह सेंट्रली हीटेड ट्रेन होगी, जिसके जरिए आप 13 घंटे में यह दूरी तय कर सकेंगे। इस रूट पर रेलगाड़ी बर्फ से ढकी पहाड़ियों से भी होकर गुजरेगी। साथ ही, ट्रेन के चिनाब ब्रिज के होकर जाने का अनुभव हासिल होगा जो कि दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली से श्रीनगर जाने वाली इस ट्रेन में आपको शानदार कंफर्ट मिलेगा, मगर सेकंड क्लास स्लीपर कोच की सुविधा नहीं दी जाएगी। पहले यह माना जा रहा था कि यह वंदे भारत स्लीपर ट्रेन कश्मीर से भी होकर जाएगी, लेकिन फिलहाल ऐसा होता नहीं दिख रहा है। जहां तक कटरा-बारामुला रूट का सवाल है तो इसके लिए 8 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएगी, जिसमें चेयर कार सीटिंग की सुविधा मिलेगी। टीओआई की रिपोर्ट में रेलवे के एक सीनियर अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी गई है। जम्मू-कश्मीर के लिए जो वंदे भारत एक्सप्रेस चलाई जाएगी, उसमें कुछ खास फीचर्स होंगे। इसमें जमाव रोकने के लिए वाटर टैंक की खातिर सिलिकॉन हीटिंग पैड्स रहेंगे। टॉयलेट्स में वार्म एयर सर्कुलेशन की सुविधा होगी। मालूम हो कि वंदे भारत ट्रेन के चलने से कटरा-बारामुला के बीच की 246 किलोमीटर की दूरी तय करने में साढ़े तीन घंटे बचेंगे। फिलहाल, इन दोनों शहरों के बीच की दूरी बस से तय करने में 10 घंटे का समय लग जाता है। बारामुला रेलवे स्टेशन श्रीनगर से 57 किलोमीटर दूर स्थित है। इस तरह जल्द ही जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए भारतीय रेलवे की ओर से बड़ी सौगात मिलने वाली है। इससे आवागमन की सुविधा बढ़ेगी और विकास को नया पंख मिलेगा।

### कोर्ट में चल रही थी सुनवाई; अचानक फाइलों पर मंडराता दिखा सांप, मचा हड़कंप

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के एक अदालत कक्ष में मंगलवार को फाइलों के ढेर पर अचानक सांप



दिख गया। इससे कार्यवाही करीब एक घंटे तक बाधित हुई। मुलुंड में मजिस्ट्रेट अदालत के कक्ष नंबर 27 में दोपहर तक कामकाज सामान्य था, लेकिन तभी एक पुलिसकर्मी ने फाइल के ढेर खंगालते समय 2 फुट लंबा एक सांप देखा। अदालत कक्ष में मौजूद वकील ने बताया कि इस घटना से वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई, जिसके कारण न्यायाधीश को सुनवाई कुछ समय के लिए रोकनी पड़ी। वकील ने बताया कि सांप पकड़ने वालों को बुलाया गया। उन्होंने पुरानी फाइल से भरे अदालत कक्ष और दीवारों व फर्श की छानबीन की जिनमें कई छेद थे। वकील ने कहा कि सांप तो नहीं मिला। ऐसा हो सकता है कि वह कमरे के किसी छेद में घुस गया हो। एक घंटे बाद अदालत की कार्यवाही फिर से शुरू हुई। वकील बिस्वरूप दुबे ने बताया कि पेड़-पौधों से घिरे इस अदालत कक्ष में सांप दिखने की एक पहली घटना नहीं है। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले अदालत कक्ष की खिड़की पर एक सांप देखा गया था। एक सांप दो महीने पहले न्यायाधीश के चैंबर में देखा गया था। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने इसी महीने केंद्र और अन्य से उस याचिका पर जवाब मांगा था, जिसमें पीड़ितों की जान बचाने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में एंटीवेनम व सर्पदंश का इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। एंटीवेनम का इस्तेमाल सर्पदंश का इलाज करने के लिए होता है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताते हुए केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा।

### डल्लेवाल का अनशन खत्म करने को लेकर सरकार जल्द ले फैसला : राकेश टिकैत

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** खनौरी बॉर्डर पर पिछले कुछ समय से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत पर राकेश टिकैत की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि वह 30 दिनों से अनशन पर बैठे हैं और जब वह इतने दिनों तक अनशन करेंगे तो उनकी सेहत खराब ही होगी। डल्लेवाल के अनशन को लेकर यह उनकी कमेटी और उनका स्वयं का निर्णय है। किसान नेता राकेश टिकैत ने मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, सिख समाज शहीदी से पीछे नहीं हटता है, यह भी इनकी खासियत है और डल्लेवाल इस स्थिति में पहुंच गए हैं कि या तो भारत सरकार उनकी मांगों को पूरा करें, नहीं तो वह वापस नही जाएंगे। मेरे या किसी और दूसरे के बोलने से कि अनशन खत्म कर दो, यह निर्णय व्यक्ति के विचारों का होता है।

# महिला सम्मान योजना अभी लागू ही नहीं, किसी को कोई कागज दिया तो फ्रॉड हो सकता है : दिल्ली सरकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से घोषित मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। दिल्ली सरकार की ओर से अखबारों में विज्ञापन देकर बताया गया है कि मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना अभी अधिसूचित नहीं है। विज्ञापन में लोगों को संभावित फर्जीवाड़े से सावधान करते हुए कहा गया है कि किसी को बैंक खाते, वोटर कार्ड, आधार कार्ड जैसे दस्तावेज ना दें। वहीं, आप के राष्ट्रीय संयोजक ने मुख्यमंत्री आतिशी की गिरफ्तारी की आशंका जताई है। केजरीवाल ने घर-घर जाकर दोनों योजनाओं के रजिस्ट्रेशन की शुरुआत की थी।



दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से अखबारों में पब्लिक नोटिस निकालकर सावधान किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि उन्हें मीडिया रिपोर्ट्स से जानकारी मिली है कि एक राजनीतिक दल की ओर से मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत 2100 रुपए मासिक देने का वादा किया जा रहा है। यह साफ किया जाता है कि ऐसी किसी योजना को दिल्ली सरकार की ओर से नोटिफाई नहीं किया गया है। इसी तरह संजीवनी योजना को लेकर भी कहा गया है कि यह अभी अधिसूचित नहीं है।

महिला एवं बाल विकास विभाग ने कहा है कि जब भी ऐसी किसी योजना को अधिसूचित किया जाएगा। विभाग की ओर से आवेदन के लिए एक वेबसाइट को लॉन्च किया जाएगा। योग्यता की शर्तें और नियमों को भी साफ किया जाएगा। पब्लिक नोटिस में साफ किया गया है कि चूंकि ऐसी कोई योजना अभी है ही नहीं, इसलिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म/आवेदन का सवाल ही पैदा नहीं होता।

नोटिस में कहा गया है कि यदि कोई शख्स/राजनीतिक दल ऐसे फॉर्म/आवेदन या आवेदकों की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं तो यह फर्जीवाड़ा और बिना अधिकार के है। नागरिकों को सावधान किया जाता है कि बैंक अकाउंट डिटेल, वोटर कार्ड, फोन नंबर, पता या ऐसी किसी संवेदनशील जानकारी को साझा करने से उनके साथ फर्जीवाड़ा हो सकता है। अपराध, साइबर अपराध, बैंकिंग धोखाधड़ी के शिकार हो सकते हैं। दिल्ली के आम जनमानस को सवाधान किया जाता है कि अस्तित्व में मौजूद नहीं ऐसी किसी स्कीम पर ध्यान ना दें। महिला एवं बाल विकास विभाग ने यह भी कहा है कि यदि कोई जानकारी साझा करता है और उसके साथ कोई धोखाधड़ी होती है तो विभाग जिम्मेदार नहीं।

**संजीवनी योजना पर भी किया गया सावधान :** इसी तरह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की ओर से संजीवनी योजना पर सावधान किया गया है। पब्लिक नोटिस में कह गया है कि अभी योजना लागू नहीं है और इसके नाम पर किसी को किसी तरह की व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें। नोटिस में कहा गया है कि वोटर कार्ड, फोन नंबर, बैंक डिटेल आदि देने से फर्जीवाड़े का खतरा है। जब ऐसी स्कीम लागू होगी तो वेबसाइट लॉन्च किया जाएगा जिस पर लोग खुद अपना आवेदन कर सकते हैं। गौरतलब है कि दिल्ली में 60 साल से अधिक के सभी बुजुर्गों को मुफ्त इलाज की सुविधा की घोषणा की गई है। इसके लिए भी आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बुजुर्गों का रजिस्ट्रेशन करने में जुटे हैं।

**आतिशी की गिरफ्तारी का प्लानः केजरीवाल :** इस बीच आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आतिशी की गिरफ्तारी की आशंका जाहिर की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना से ये लोग बुरी तरह से बौखला गए हैं। अगले कुछ दिनों में फर्जी केस बनाकर आतिशी जी को गिरफ्तार करने का इन्होंने प्लान बनाया है। उसके पहले आप के सीनियर नेताओं पर रेड की जाएंगी।

## सनी लियोनी के नाम पर सरकारी खजाने में लगी सेंध!

**रायपुर, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी के नाम से छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार की महतारी वंदन



योजना की किश्त जारी होने के बाद से यह पूरी योजना लगातार विवादों के घेरे में है। पोर्न स्टार सनी लियोनी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर छत्तीसगढ़ में उनकी आइडेंटिटी और नाम का गलत इस्तेमाल कर सरकारी योजना की किश्तें जारी करने का आरोप लगाया है। सनी ने मामले की जांच में पूरी सहयोग करने की बात कही है। गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना का लाभ अपात्र लोग लंबे समय से उठा रहे हैं। इस आरोप के सार्वजनिक होने के बाद 15 हजार से ज्यादा आवेदनों को निरस्त किया गया है। योजना के तहत पैसा लेने वाले कई अपात्रों से अब रिकवरी भी की जा रही है। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में महतारी वंदन योजना के तहत एक अनोखा फर्जीवाड़ा सामने आया है, जिसमें सनी लियोनी के नाम से बैंक खाता खोलकर योजना का लाभ उठाया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने वीरेंद्र जोशी नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने अपने आधार कार्ड और बैंक खाते का उपयोग कर सनी लियोनी के नाम से लाभ प्राप्त किया। बस्तर कलेक्टर हरिस एस ने बताया कि इस फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद हमने तुरंत कार्रवाई करते हुए तहसीलदार और महिला और बाल विकास विभाग के अधिकारियों की एक टीम बनाई, जो तालूर गांव गई और मामले की छानबीन शुरू की। हरिस एस के अनुसार आरोपी वीरेंद्र जोशी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वेदमती जोशी की आईडी का इस्तेमाल कर महतारी वंदन योजना में आवेदन किया और अवैध रूप से सरकार से मिल रहे लाभ को अपने खाते में डाला। कलेक्टर ने कहा, इस मामले में धोखाधड़ी की पुष्टि हुई है, और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आंगबनबाड़ी कार्यकर्ता वेदमती जोशी को बर्खास्त कर दिया गया।

## चांद पर अब इंसान भेजने की भी हो गई तैयारी, इसरो ने बताया किस साल लहराएगा तिरंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद के चेयरमैन डॉ. एस सोमनाथ का कहना है कि भारत 2040 में चांद पर लैंडिंग करेगा। उन्होंने कहा कि हम इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम शुरू करने वाले हैं और इंसान को चांद पर लैंड कराएंगे। यही नहीं भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन भी 2035 में स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया है। स्पेस स्टेशन मॉड्यूल की लॉन्चिंग 2028 में की जाएगी और फिर अगले 7 सालों में यह अभियान पूरा हो जाएगा। भारत के चंद्रयान मिशन की बड़ी सफलता के बाद इसरो का यह महत्वाकांक्षी अभियान पूरी दुनिया को अंतरिम में भारत की क्षमता को दिखाने वाला है। एस. सोमनाथ ने कहा कि अगले 15 सालों का रोडमैप हमने तैयार कर लिया है और लॉन्ग टर्म विजन के साथ प्रयासों में जुटे हैं।

नरेंद्र मोदी सरकार ने 31 हजार करोड़ रुपये का फंड इसरो के लिए जारी किया है। इसी पर बात करते हुए इसरो चीफ एस. सोमनाथ ने एनडीटीवी को दिए इंटरव्यू में कहा, मुझे विश्वास है कि यह साल हमारे लिए बहुत शानदार रहेगा। हम अपने मिशनों पर आगे बढ़ेंगे। इसके अलावा पीएम के विजन के आधार पर आगे का भी रोडमैप तय करेंगे। स्पेस प्रोग्राम के इतिहास में हमारे पास पहली बार अगले 25 सालों का प्लान तय है।

# मणिपुर को अदृश्य ताकतें जला रही हैं और यहां हिंसा को बढ़ावा दे रही हैं: पूर्व मुख्य न्यायधीश सिद्धार्थ मृदुल

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायधीश सिद्धार्थ मृदुल ने मंगलवार को कहा कि राज्य की स्थिति को तुरंत नियंत्रण में लाने की आवश्यक्ता है, नहीं तो यहां कुछ नहीं बचेगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मणिपुर को अदृश्य ताकतें जला रही हैं और यहां हिंसा को बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने मंगलवार को ये बातें कही हैं। आपको बता दें कि जस्टिस मृदुल ने बतौर मुख्य न्यायाधीश अक्टूबर 2023 में कार्यकाल शुरू किया था। इसी दौरान यहां हिंसा शुरू हो चुकी थी। बीते मई तक वहां से हिंसा खबरें सामने आती रही। दिल्ली में एक पैनल चर्चा के दौरान, जस्टिस मृदुल ने कहा कि कुछ तत्व मणिपुर को लगातार जलते हुए रखने में अपनी रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा. मैं अब इस विचार से सहमत होने लगा हूं कि इस निरंतर हिंसा के पीछे एक अदृश्य हाथ है। यह हाथ किसका है, यह मुझे अभी तक स्पष्ट नहीं है। इसके पीछे कई कारक हो सकते हैं। आपको बता दें कि वह पिछले महीने इस अपने पद से रिटायर हुए हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कोई ना कोई इस हिंसा को बढ़ाने में शामिल है। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हर बार जब स्थिति सामान्य होने लगती है, तो अचानक नई हिंसा की लहर आती है। इससे मुझे यह विश्वास होता है कि इसके पीछे कुछ ताकतें हैं। ये ताकतें बाहरी और स्थानीय दोनों हो सकती हैं। मणिपुर में लगभग 19 महीनों से



हिंसा का दौर जारी है। यहां जातीय संघर्ष का कोई अंत होता नहीं दिख रहा है। हिंसा और प्रतिशोध के हमलों की इस श्रृंखला ने केंद्र सरकार को और अधिक सैनिक भेजने, अफस्पा फिर से लागू करने और विभिन्न समूहों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करने के लिए मजबूर किया है। हालांकि इन कदमों का ज्यादा असर नहीं दिखा है। मणिपुर में अब तक लगभग 240 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। उन्होंने कहा, कुछ समय के लिए हिंसा रुकी, लेकिन मई से अब तक मणिपुर में कभी भी सामान्य स्थिति बहाल नहीं हुई है। मेरी वहां के अफसरों के साथ बातचीत केवल यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि न्यायपालिका बिना किसी रुकावट के अपने कार्यों को निभा सके। लेकिन मुझे यह महसूस हुआ कि कोई भी स्थिति पर नियंत्रण नहीं रखता था।

केंद्र ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए बार-बार राज्य में अधिक सैनिक भेजे हैं। वर्तमान में भारतीय सेना, असम राइफल्स, सीआरपीएफ और मणिपुर पुलिस सहित लगभग 60,000 सुरक्षा कर्मी राज्य में तैनात हैं। हालांकि,जस्टिस मृदुल बड़ी तादाद में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हैं।

## किसान ने मंच पर चढ़कर मंत्रीजी को पहना दी प्याज की माला, पुलिस ने दबोचा, गुस्से में अन्नदाता

**नासिक, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मत्स्य पालन मंत्री नीतेश राणे को सोमवार की रात तब विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, जब वह नासिक जिले के बगलान तालुका के चिराई गांव में एक धार्मिक समारोह के दौरान मंच पर भाषण दे रहे थे। इसी दौरान एक किसान ने मंच पर चढ़कर मंत्रीजी के गले में प्याज की माला डाल दी और माइक छीनकर कुछ कहने की कोशिश की। हालांकि, वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत किसान को नीचे खींच लिया और हिरासत में ले लिया। बाद में किसान को रिहा कर दिया गया। नितेश राणे बगलान तालुका के चिराई गांव में सोमवार की रात करीब 9 बजे संत निवृत्तिनाथ महाराज के पादुका दर्शन के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। तभी महेंद्र लहू सूर्यवंशी नाम का एक किसान मंच पर पहुंच गया और मंत्री जी को प्याज की माला पहना दी। बताया जा रहा है कि पिछले 10 दिनों में प्याज की कीमतों में 2000 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट से नास्क के किसान नाराज हैं। किसानों का



तर्क है कि प्याज पर 20 फीसदी निर्यात शुल्क लगाने से कीमतें स्थिर नहीं हुईं और उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं।

प्याज उत्पादक किसान सरकार से तत्काल मदद की मांग कर रहे हैं। किसानों ने कहा है कि अगर सरकार ने जल्द ही इस मामले में दखल नहीं दी तो उनका आंदोलन तेज होगा। इस घटना के बाद पुलिस ने उस किसान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। यह धारा किसी लोक सेवक को अपना काम करने देने में बाधा पहुंचाने के अपराध से संबंधित है। पुलिस ने कहा कि किसान को कुछ घंटों के लिए हिरासत में रखा गया फिर नोटिस देने के बाद उसे छोड़ दिया गया। बता दें कि पिछले हफ्ते ही महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से प्याज के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क हटाने और इसके उत्पादकों को राहत देने का आग्रह किया है।

## जयपुर में लाल चंदन की तस्करी का भंडाफोड़, 100 किलो लकड़ी जब्त

**जयपुर, एजेंसी।** कर्नाटक वन विभाग की सूचना पर राजस्थान वन विभाग ने जयपुर में लाल चंदन की अवैध तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए 100 किलो लकड़ी, चिप्स, बुरादा और तेल जब्त किया है। यह कार्रवाई जयपुर के शास्त्री नगर स्थित आरएसवाय इंटरप्राइजज नामक फर्म पर की गई, जो दक्षिण भारत से चंदन की लकड़ी मंगवाकर कर्नाटक में अवैध रूप से भेजने के धंधे में शामिल थी। मुख्य वन संरक्षक, जयपुर, राजीव चतुर्वेदी ने बताया कि यह कार्रवाई वन्य उपज तस्करों के खिलाफ वन विभाग की सख्ती है। उन्होंने बताया कि फर्जी कागजात के सहारे चल रहे अवैध कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। चतुर्वेदी ने बताया कि कर्नाटक वन विभाग ने 19 दिसंबर 2024 को राजस्थान के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) को पत्र लिखकर जानकारी दी थी कि जयपुर की R S Y Enterprises नामक फर्म अवैध रूप से चंदन की लकड़ी और उसके उत्पादों की आपूर्ति कर रही है। इस फर्म के खिलाफ ठोस कार्रवाई के लिए 23 दिसंबर को निर्देश दिए गए।

इसके बाद 24 दिसंबर को मुख्य वन संरक्षक जयपुर राजीव चतुर्वेदी के निर्देशन और उप वन संरक्षक, जयपुर, वी. केतन कुमार के नेतृत्व में वन



विभाग ने फर्म के पते पर दबिश दी गई। फर्म का पता लंकापुरी, शास्त्री नगर, जयपुर में दर्ज था, लेकिन वहां कोई कार्यालय नहीं मिला। इसके बाद ऑनलाइन शॉपिंग पोर्टल पर दिए गए पते और पुलिस थाना भट्टा बस्ती के सहयोग से फर्म के मालिक यूसुफ खान के मोबाइल नंबरों का ट्रेस कर विद्याधरनगर में फर्म का पता लगाया गया।

विद्याधरनगर स्थित मकान से 100 किलो चंदन की लकड़ी, चिप्स, बुरादा और तेल बरामद किए गए। इन उत्पादों के लिए कोई वैध पारपत्र (ट्रांजिट पास) उपलब्ध नहीं था।

# मौसमः हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी से आफत! 226 सड़कें बंद

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में पिछले दो दिनों से हो रही बर्फबारी और निचले इलाकों में हल्की बारिश के बाद बुधवार को मौसम खुल गया है। राजधानी शिमला सहित राज्य के अन्य पर्यटन स्थलों में धूप खिल रही है। जनजातीय जिलों लाहौल-स्पीति और किन्नौर में भी मौसम साफ है। लेकिन धूप में गर्माहट कम होने से लोगों को ठंड से कोई राहत नहीं मिल रही है। राज्य के कई शहरों में न्यूनतम पारा माइनस और शून्य के करीब बना हुआ है। इस दौरान भारी बर्फबारी के कारण 226 सड़कें बंद कर दी गई हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज व कल मौसम के साफ रहने का अनुमान जताया है। 27 से 29 दिसम्बर तक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से दोबारा बारिश बर्फबारी के आसार हैं। 27 और 28 दिसम्बर को अंधड़ के साथ आसमानी बिजली कड़कने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। ऐसे में आगामी दिनों में कड़ाके की ठंड के बीच बर्फबारी के कारण सड़कें बंद होने से यातायात अवरुद्ध हो सकता है। पिछले दिनों हुई बर्फ़बारी से कई जिलों में सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बर्फबारी से अवरुद्ध कई सड़कें अभी तक बहाल नहीं हो पाई हैं। मौसम खुलने से सड़कों को बहाल करने में तेज़ी आएगी शिमला जिला के ऊपरी




इलाके मुख्यालय से पिछले तीन दिन से कटे हैं। कुफ़री, नारकण्डा, फागू, खड़ापत्थर और चौपाल की सड़कें बर्फ से ढक गयी हैं जिससे यातायात बाधित है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि बर्फबारी और से सुबह तक तीन नेशनल हाइवे के साथ 226 सड़कें बंद हैं। लाहौल-स्पीति जिले में एनएच-505 और कुल्लू जिला में एनएच-305 व एनएच-3 बाधित हैं। बर्फ़बारी से शिमला जिला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां 123 सड़कें अवरुद्ध हैं। लाहौल-स्पीति में 36, कुल्लू में 25, मंडी में 16, सिरमौर में नौ, किन्नौर में सात, कांगड़ा में छह, ऊना में तीन और चंबा में एक सड़क बंद है। प्रवक्ता ने बताया कि बर्फबारी व अंधड़ से 173 ट्रांसफार्मर बंद होने से बिजली गुल है। मंडी जिला में 85, सिरमौर जिला के पांवटा साहिब में 45, शिमला जिला के डोडरा क्वार में 23, किन्नौर में 10, चम्बा में छह और कुल्लू में दो ट्रांसफॉर्मर ठप होने से ब्लैक आउट है। इसके अलावा शिमला जिला में 15 और किन्नौर में छह पानी की स्कीमें भी बंद हैं। मनाली सहित आठ शहरों का माइनस में तापमान, शिमला का पारा दो डिग्री बर्फ़बारी के कारण पूरे राज्य में भीषण शीतलहर चल।रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को आठ शहरों का न्यूनतम पारा माइनस में रिकार्ड किया गया। लाहौल-स्पीति के ताबो में सबसे कम -10.6 डिग्री, कुकुमसेरी में -8.2 डिग्री, समधो में -6.9 डिग्री, किन्नौर जिला के कल्पा व रिकांगपिओ में क्रमशः -4 व -0.9 डिग्री, शिमला जिला के नारकण्डा में -2.1 डिग्री, चम्बा जिला के भरमौर में -0.7 डिग्री, कुल्लू जिला के पर्यटन स्थल मनाली में -0. 3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ है।

बॉक्सिंग डे टेस्टः

# ऑस्ट्रेलिया ने घोषित की अपनी प्लेइंग 11, ट्रेविड हेड हुए फिट





नई दिल्ली, एजेंसी। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच के लिए मेजबान ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है। इस टीम में ट्रेविस हेड को खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया है। यह बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच होगा जो ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेला जाएगा।

कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि की है कि उनकी टीम इस मुकाबले में दो बदलावों के साथ उतर रही है, जिसमें सैम कोन्टास नाथन मैकस्वीनी की जगह लेंगे और स्कॉट बोलैंड चोटिल जोश हेजलवुड की जगह पर खेलेंगे।

19 साल के कोन्टास के लिए यह खास पल होने जा रहा है क्योंकि इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने उनसे कम उम्र का टेस्ट डेब्यूटेंट साल 2011 में उतारा था। तब पैट कमिंस को 18 साल की उम्र में खेलने के लिए टीम में शामिल किया गया था। हालांकि कोन्टास ऑस्ट्रेलिया के सबसे युवा ओपनर होंगे और उस्मान ख्वाजा के साथ उनकी उम्र का अंतर काफी ज्यादा होगा।

वहीं, स्कॉट बोलैंड पिछले 18 महीने में भारत के खिलाफ एडिलेड टेस्ट मैच में बढ़िया वापसी करके अपनी गेंदबाजी की धार का प्रदर्शन कर चुके हैं। हालांकि जोश हेजलवुड की चोट के चलते ही उनकी तब वापसी हुई थी। एक बार फिर से बोलैंड टीम में अपनी काबिलियत साबित करने के लिए तैयार होंगे।

झउन्होंने एडिलेड टेस्ट में शानदार गेंदबाजी की थी, जिसमें कंगारूओं ने 10 विकेट से जीत हासिल की थी। बॉर्डर गावस्कर सीरीज के मौजूदा स्थिति की बात करें तो भारत ने पहला टेस्ट पर्थ में 295 रनों से जीता था। इसके बाद अगले पिंक बॉल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर सीरीज बराबर की थी। तीसरा मैच बारिश से प्रभावित रहा और ड्रॉ रहा। यह मुकाबला ब्रिस्बेन के गाबा में खेला गया था। अब दोनों टीमें बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के लिए तैयार हैं।

### चौथे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया प्लेइंग इलेवनः

उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड

ICC टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग

## बुमराह ने 904 रेटिंग पॉइंट्स हासिल किए, अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी की



### ICC टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | टीम | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | जसप्रीत बुमराह | इंडिया | 904 |
| 2 | कागिसो रबाडा | साउथ अफ्रीका | 856 |
| 3 | जोश हेजलवुड | ऑस्ट्रेलिया | 852 |
| 4 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 822 |
| 5 | रविचंद्रन अश्विन | इंडिया | 789 |
| 6 | मैट हेनरी | न्यूजीलैंड | 782 |
| 7 | नाथन लायन | ऑस्ट्रेलिया | 770 |
| 8 | प्रभाथ जयसूर्या | श्रीलंका | 768 |
| 9 | नोमान अली | पाकिस्तान | 759 |
| 10 | रवींद्र जडेजा | इंडिया | 755 |

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ICC टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में 904 रेटिंग पॉइंट्स हासिल कर लिए हैं। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। इससे पहले, भारत के लिए अश्विन ने इतने रेटिंग पॉइंट्स हासिल किए थे। इन दोनों के अलावा कोई अन्य भारतीय यह कारनामा नहीं कर सका है।

अश्विन को इतने रेटिंग पॉइंट्स दिसंबर 2016 में मिले थे। बॉलिंग रैंकिंग में रबाडा दूसरे नंबर पर बुमराह ने अब तक बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीन शुरुआती मैचों में 21 विकेट लिए हैं। वे टेस्ट रैंकिंग में टॉप पर बरकरार है। साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा (856) इस समय दूसरे और ऑस्ट्रेलियाई पेसर जोश हेजलवुड (852) तीसरे स्थान पर हैं। हालांकि, रविंद्र जडेजा को विकेट ना मिलने से नुकसान हुआ है और वे टॉप 10 से बाहर हो गए हैं।

केएल राहुल को 10 स्थान का फायदा एडिलेड में शतक के बाद गाबा में 152 रन की शानदार पारी खेलने वाले ट्रैविस हेड 825 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि तीसरे टेस्ट में उनके हमवतन स्टीव स्मिथ के शतक ने उन्हें एक बार फिर टॉप-10 में पहुंचा दिया है।



### एक ही टीम में भारत-पाकिस्तान के ये खिलाड़ी, अभिषेक शर्मा बने कप्तान, पाक के दो प्लेयर्स को मिली जगह

नईदिल्ली, एजेंसी। साल 2024 में इंटरनेशनल क्रिकेट में अलग-अलग देशों की क्रिकेट टीमों के अलग-अलग खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करके विश्व क्रिकेट में अपने नाम का डंका बजाया है. इसमें भारत के अभिषेक शर्मा-नीतीश कुमार रेड्डी से लेकर पाकिस्तान के सैम अयूब और इंग्लैंड के जैकब बेथेल तक का नाम शामिल है. हम आपके लिए साल 2024 के उन युवा और नए सितारों की बेस्ट प्लेइंग इलेवन लेकर आए हैं जिन्होंने इस साल इंटरनेशल क्रिकेट में धमाल मचाया.

साल 2024 की बेस्ट प्लेइंग इलेवन के कप्तान के तौर पर भारत के अभिषेक शर्मा चुने गए हैं. वे ओपनर भी हैं. वहीं उनके बैटिंग पार्टनर हैं पाकिस्तान के सैम अयूब. इसके बाद नंबर तीन पर इंग्लैंड की नई सनसनी 21 वर्षीय जैकब बेथेल हैं. नंबर चार पर भारत के आईपीएल स्टार रियान पराग और पांच पर पाकिस्तान के कामरान गुलाम को जगह मिली है. विकेटकीपर के रूप में इंग्लैंड के 24 वर्षीय के जेमी स्मिथ शामिल हुए. बतौर ऑल राउंडर भारत के नीतीश कुमार रेड्डी 7वें नंबर पर हैं. वहीं गेंदबाजों के रूप में आठवे नंबर पर अफगानिस्तान के अल्लाह गजनफर. नौवें नंबर पर न्यूजीलैंड के विलियम ओरुर्के, 10वें नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के 18 वर्षीय क्वेना मफाका और इस प्लेइंग इलेवन के अंतिम खिलाड़ी इंग्लैंड के शोएब बशीर हैं.

## ऑस्ट्रेलिया की कमज़ोर बल्लेबाजी लाइन-अप का मतलब है कि भारत आगे हैः शास्त्री

मेलबर्न, एजेंसी। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया की कमज़ोर बल्लेबाजी लाइन-अप का मतलब है कि गुरुवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुरू होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले भारत आगे है।

पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज़ फिलहाल 1-1 से बराबर है। मुझे लगता है कि यह काफी कमज़ोर रही है। जब आप इस ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप को देखते हैं, तो मुझे बहुत समय हो गया है जब मैंने ऐसा ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप देखा है जिसमें शीर्ष क्रम इतना कमज़ोर हो।

भारत ने इसका फ़ायदा उठाया है और आगे भी उठाता रहेगा। शास्त्री से कहा, मुझे लगता है कि यह एक शानदार मैच होने वाला है। मुझे लगता है कि भारत इस सीरीज़ को जीत लेगा, जिस तरह से यह सीरीज़ आगे बढ़ रही है। कोई भी विदेशी टीम 1-1 से बराबरी पर हो, खासकर जब मैच पर्थ, एडिलेड और ब्रिसबेन में हो, तो वे इसे जीत लेंगे। बॉक्सिंग डे में 1-1 से बराबरी पर जाना सबसे अच्छी स्थिति है। मैं कहूंगा कि भारत आगे है। उन्होंने सैम कोंस्टास के बारे में भी अपना दृष्टिकोण साझा किया, जो एमसीजी में अपना टेस्ट डेब्यू करने के लिए तैयार हैं, पहले तीन मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद नाथन मैकस्वीनी को बाहर कर दिया गया था। युवा कोंस्टास के लिए सबसे बड़ी चुनौती 21 विकेट लेकर मौजूदा सीरीज में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का मुकाबला करना होगा।

भारत सीरीज में 1-1 से बराबर है और उस आदमी (बुमराह) ने अकेले ही भारत को उस स्थिति में पहुंचा दिया है। जहां तक कोंस्टास की बात है, मुझे लगता है कि वह बहुत तरोताज़ा है। उसके पास प्रतिभा है, वह शानदार है। लेकिन टेस्ट क्रिकेट तो टेस्ट क्रिकेट है। मुझे लगता है कि उसकी तकनीक और बेहतर होगी और वह ऑस्ट्रेलिया का भविष्य बनेगा। शास्त्री ने कहा, मैकस्वीनी बहुत बदकिस्मत था। मुझे लगा कि उसने कड़ी मेहनत की है, लेकिन वह एक मध्यक्रम का बल्लेबाज है। मैं उसे ऑस्ट्रेलियाई टीम के श्रीलंका जाने पर वहां जाते हुए देखता हूं और वहां से अपना करियर फिर से बनाता हूं। लेकिन मुझे लगता है कि कोंस्टास को शामिल करना एक अच्छा कदम है, क्योंकि आपको किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो भारतीय टीम पर आक्रमण कर सके, क्योंकि प्रहार कहीं से भी आ रहे थे।

उन्होंने आगे कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया में लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतेगा, इससे पहले 2018/19 और 2020/21 में भी भारत ने यहां जीत दर्ज की थी। बहुत बढ़िया। लंबे समय से किसी भी टीम ने ऐसा नहीं किया है। ऑस्ट्रेलिया जब भी यहां आता है, तो वह टीमों पर भारी पड़ता है। भारत के लिए लगातार तीन सीरीज जीतना कुछ खास होगा।

लेकिन उन्हें अच्छा क्रिकेट खेलना होगा। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया इस टेस्ट मैच में कड़ी टक्कर देगा, खासकर गेंदबाजों के साथ। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती बल्लेबाजी होगी। भारत यहां जीतने के लिए आया है, वह यहां नंबर बढ़ाने के लिए नहीं आया है। जब मैं कोच था, तब भी हमारा मंत्र बेहद कड़ी मेहनत, निष्पक्षता और जीत हासिल करना था। आपको ऑस्ट्रेलिया को हराने का तरीका सोचना होगा, न कि सिर्फ प्रतिस्पर्धा करना। आपको सही तरीके से योजना बनानी होगी कि अपने 20 विकेट कैसे लें। भारत ने ऐसा किया है और बहुत आक्रामक रहा है।

शास्त्री ने कहा, वे ऑस्ट्रेलिया के सामने हैं और जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन किया है। यह मनोरंजक और जोशपूर्ण रहा है। भारत आगे है। मुझे लगता है कि बॉक्सिंग डे टेस्ट का पहला दिन तय करेगा कि सीरीज किस तरफ जाएगी। रविचंद्रन अश्विन के अचानक अंतरराष्ट्रीय संन्यास के बाद, शास्त्री ने यह कहते हुए अपनी बात समाप्त की कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय टीम के बल्लेबाजी विभाग में जल्द ही नए चेहरे आएंगे। बल्लेबाजी विभाग में, मैं एक या दो साल में कुछ नए चेहरे देख सकता हूं। जायसवाल युवा हैं। शुभमन गिल काफी युवा हैं, ऋषभ पंत अभी भी बहुत युवा हैं। मिश्रण में काफी अन्य खिलाड़ी हैं जो बहुत जल्द आ सकते हैं।

## मनु भाकर विवाद के बीच अब इस खिलाड़ी का दावा, खेल रत्न पुरस्कार में किया जा रहा भेदभाव



नईदिल्ली, एजेंसी। पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले हरविंदर सिंह ने सवाल किया कि टोक्यो खेलों की तरह इस साल के खेलों में पदक जीतने वालों को खेल रत्न सम्मान क्यों नहीं दिया जा रहा। देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए मनु भाकर के नाम की सिफारिश नहीं किए जाने पर मचे बवाल में अब पैरा तीरंदाज हरविंदर सिंह की एंट्री हो गई है।

उन्होंने मंगलवार को खेल पुरस्कार देने में भेदभाव का आरोप लगाया है। पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले हरविंदर सिंह ने सवाल किया कि टोक्यो खेलों की तरह इस साल के खेलों में पदक जीतने वालों को खेल रत्न सम्मान क्यों नहीं दिया जा रहा। हरविंदर ने इससे पहले टोक्यो खेलों में कांस्य पदक जीता था। इस बार उन्होंने फाइनल में पोलैंड के लुकास सिसजेक को 6-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

### खेलों में भेदभाव

हरविंदर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, खेलों में भेदभाव। उन्होंने कहा, टोक्यो 2020 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया लेकिन पेरिस 2024 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं का क्या? वही प्रतियोगिता, वही स्वर्ण, वही गौरव - वही पुरस्कार क्यों नहीं? टोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली निशानेबाज अवनि लेखरा, भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत को ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के साथ खेल रत्न से सम्मानित किया गया था।

## कोंस्टास दुनिया को दिखाना चाहते हैं कि वह अच्छे हैंः रिकी पोंटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि सैम कोंस्टास में भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू में अपनी छाप छोड़ने की क्षमता है, उन्होंने कहा कि किशोर बल्लेबाज में दुनिया को यह दिखाने का जज्बा है कि वह अच्छे हैं। 19 वर्षीय कोंस्टास गुरुवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 90,000 से अधिक प्रशंसकों के सामने बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, उन्हें नाथन मैकस्वीनी की जगह टीम में शामिल किया गया है।

2024 अंडर-19 पुरुष विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम के सदस्य कोंस्टास ने कैनबरा के मनुका ओवल में भारत के खिलाफ अभ्यास मैच में प्रधानमंत्री 11 की ओर से खेलते हुए शतक बनाया था। कोंस्टास ने 11 प्रथम श्रेणी मैचों में 42.2 की औसत से 718 रन बनाए हैं। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा, मैंने बहुत कुछ देखा है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वहां बहुत प्रतिभा है। जिस तरह से उन्होंने पीएम 11 मैच में खेला (उन्होंने भारतीयों के खिलाफ 107 रन बनाए), जिस तरह से वह उस रात अपने पहले बीबीएल गेम



में खेलने में सक्षम थे। मुझे पता है कि यह अलग-अलग प्रारूप हैं, लेकिन आप देख सकते हैं कि प्रतिभा वहां है और इसके साथ थोड़ा रवैया भी है। यह कोई बुरा रवैया नहीं है, (लेकिन) ऐसा रवैया है कि वह जानता है कि वह अच्छा है और वह दुनिया को दिखाना चाहता है कि वह अच्छा है। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ कोंस्टास के सामने आने वाली चुनौती के बारे में बात करते हुए पोंटिंग ने कहा, अभी भी एक चुनौती है। यह एक टेस्ट मैच है।

यह आपका पहला टेस्ट मैच है। आप दुनिया के कुछ बेहतरीन गेंदबाजों के खिलाफ खेल रहे हैं। विश्व क्रिकेट में शायद इससे बड़ी कोई चुनौती नहीं है। यह किसी भी अन्य देश की तरह है जो हमारे गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में पदार्पण कर रहा है, जब आपके पास स्टार्क, कमिंस और हेजलवुड हैं।

बुमराह निश्चित रूप से इस समय टेस्ट क्रिकेट में सबसे अलग और शायद अग्रणी तेज गेंदबाज रहे हैं। इसलिए कोंस्टास के लिए वहां एक बड़ी चुनौती होगी, इसमें कोई संदेह नहीं है।

## एशियाड स्वर्ण पदक विजेता एथलीट हिमा दास पर 16 माह का प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी। हिमा को बीते वर्ष सितंबर माह में व्हेयर अबाउट फेल्योर के लिए नाडा ने अस्थाई रूप से प्रतिबंधित कर दिया था। नाडा की टीम तीन बार उनके दिए पते पर सैंपल लेने पहुंची, लेकिन तीनों ही बार वह नहीं मिलीं।




जकार्ता एशियाई खेलों में दो स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाली देश की स्टार एथलीट हिमा दास पर व्हेयर अबाउट फेल्योर (टेस्ट के लिए ठिकाने का पता नहीं बताना) के लिए 16 माह का प्रतिबंध लगाया गया है। उन पर यह प्रतिबंध 22 जुलाई, 2023 से लगाया गया है। विश्व एंटी डोपिंग एजेंसी (वाडा) और राष्ट्रीय डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने हिमा पर मामले के आपसी समाधान समझौते के तहत यह प्रतिबंध लगाया है। वरना उन पर दो वर्ष का भी प्रतिबंध लग सकता था। हालांकि इस प्रतिबंध की अवधि इस वर्ष 22 नवंबर को समाप्त हो गई है।

हिमा को बीते वर्ष सितंबर माह में व्हेयर अबाउट फेल्योर के लिए नाडा ने अस्थाई रूप से प्रतिबंधित कर दिया था।

## 235 रन ठोकने वाले केएल राहुल को ओपनिंग से हटाया

इंडिया-ऑस्ट्रेलियाः

नईदिल्ली, एजेंसी। केएल राहुल अब ओपनिंग नहीं करेंगे? टीम में गिल की पोजिशन भी छिन जाएगी? बेशक इन बातों पर आप यकीन करें या नहीं, लेकिन जो उड़ती-उड़ती खबर आ रही है, वो ऐसा होने के संकेत दे रहे हैं. खबरों के मुताबिक, मेलबर्न में खेले जाने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट में केएल राहुल, सीरीज के पिछले 3 टेस्ट की तरह पारी की शुरुआत नहीं करते दिख सकते हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि स्लॉट पर यशस्वी जायसवाल के साथ रोहित शर्मा के ओपन करने की खबरें



चल रही हैं. वहीं केएल राहुल को लेकर कहा जा रहा है कि वो नंबर तीन पर बैटिंग कर सकते हैं. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अब तक नंबर 3 पर शुभमन गिल खेलते दिख रहे थे. लेकिन, मेलबर्न में राहुल के नंबर तीन पर खेलने की खबर का मतलब है कि गिल से उनकी पोजिशन का छिन जाना. शुभमन गिल हो सकता है तब नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते दिखें. वैसे, इससे उतना फर्क नहीं पड़ने वाला जितना असर केएल राहुल को ओपनिंग से हटाकर दिखने वाला है. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पर्थ से ब्रिसबेन तक खेले पहले 3 टेस्ट में केएल राहुल ने हरेक में पारी की शुरुआत यानी कि ओपनिंग की है. इन 3 टेस्ट की 6 पारियों में 47 की औसत से उन्होंने 235 रन बनाए हैं. ऐसा कर वो मौजूदा टेस्ट सीरीज में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं. वहीं, सीरीज में ओवरऑल सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में वो ट्रेविस हेड के बाद दूसरे नंबर के बल्लेबाज हैं.

अब जैसी की खबरें हैं कि केएल राहुल नंबर 3 पर बॉक्सिंग डे टेस्ट में खेल सकते हैं, तो आइए जान लेते हैं कि इस पोजिशन पर टेस्ट में उनका रिकॉर्ड कैसा है? राहुल ने नंबर पर कुल 5 पारियां खेली हैं, जिसमें उन्होंने 17.60 की औसत से 88 रन बनाए हैं. ये टॉप के किसी भी बैटिंग ऑर्डर पर उनका सबसे बेकार रिकॉर्ड तो है ही.

# पानी के लिए आंबेडकर ने काम किया, कांग्रेस ने सच्चाई छिपाई : पीएम

## पीएम ने किया केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास

**खजुराहो/पन्ना।** पीएम नरेंद्र मोदी ने केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास कर दिया है। इस परियोजना से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लोगों को फायदा होगा। किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा और शहरों में पेयजल भी उपलब्ध कराया जा सकेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले समय में मध्य प्रदेश देश के टॉप की इकॉनमी में से एक होगा। इसमें बुंदेलखंड की बड़ी भूमिका होगी। विकसित मध्य प्रदेश और विकसित भारत बनाने में बुंदेलखंड अपनी भूमिका निभाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि पानी हर किसी के जीवन से जुड़ा है। इसलिए ही आज यह लोगों की भीड़ मुझे आशीर्वाद देने आई है।

पीएम मोदी ने बाबा साहब आंबेडकर को जल शक्ति योजनाओं का क्रेडिट दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय जलआयोग के पीछे बाबा साहब आंबेडकर का हाथ था। लेकिन कांग्रेस ने कभी बाबा साहेब को क्रेडिट नही दिया। सभी कामों के लिए एक व्यक्ति को क्रेडिट दिया गया। देश के राज्यों के बीच पानी को लेकर विवाद थे। देश में जल शक्ति के लिए बाबा साहब आंबेडकर ने प्रयास किए।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी जल संकट के स्थाई सामाधान के लिए नहीं सोचा। भारत के लिए नदी जल का महत्त्व क्या है इसको समझने वाले लोगों में बाबा साहब आंबेडकर पहले व्यक्ति थे। देश आजाद होने के बाद सबसे पहले जल शक्ति के लिए, पानी के लिए दूरदृष्टि आयोजन , पानी का सामर्थ के बारे में सबसे पहले बाबा साहब ने सोचा था। इस सच्चाई को दबाकर रखा गया। एक ही व्यक्ति को क्रेडिट देने के नशे में सच्चे सेवक को भुला दिया गया। देश आजाद होने के बाद भारत की जल शक्ति, नदियों के लिए बड़े बांध बनाने की दूरदृष्टि , बड़ी नदी घाटी योजनाओं के लिए बाबा



साहब ने काम किया। जल शक्ति आयोग भी बाबा साहेब की देन है। पीएम मोदी ने कहा देश में जब जब भाजपा को जहां जहां सेवा करने का मौका मिला है। हमनें पुराने रिकॉर्ड तोड़कर काम किया है। आजादी के दिवानों ने जो सपने देखे थे, उन्हें साकार करने के लिए हम दिन रात पसीना बहा रहे हैं। अतीत में कांग्रेस की सरकारें सिर्फ घोषणाएं करने का काम करती थी। अखबरों में विज्ञापन देना, दीए जलाना ही उनका काम था। 35-35 साल बीते के बाद भी योजनाओं का काम शुरू नहीं होता था।

केन-बेतवा लिंक परियोजना के शिलान्यास के बाद पीएम मोदी अब कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत बुंदेलखंड की भाषा से की। उन्होंने इसाई समाज के लोगों को क्रिसमस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मोहन यादव सरकार को एक साल पूरा हो गया है। मप्र के लोगों को मैं इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस एक साल में प्रदेश में विकास की अगल रफ्तार दिख रही है। केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास हुआ है। ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण भी हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि आज अटलजी की जयंती को 100 साल हो गए हैं। यह हमारे लिए सुशासन दिवस है। पीएम मोदी ने कहा- मप्र में 1100 से अधिक अटल ग्राम सेवा सदन के निर्माण का काम आज से शुरू हो रहा है। इसके लिए पहली किस्त जारी की गई है। अटल ग्राम सेवा सदन गांवों के विकास को नई गति देंगे।

हमारे लिए सुशासन दिवस एक दिन का कार्यक्रम भर नहीं है। सुशासन भाजपा सरकारों की पहचान है। देश की जनता ने लगातार तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनाई। मप्र में आप सभी लगातार भाजपा को चुन रहे हैं। इसके पीछे सुशासन का भरोसा ही सबसे प्रबल है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने केन और बेतवा नदियों के जल को एक साथ मिलाकर केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास किया। इससे पहले उन्होंने वाजपेयी पर डाक टिकट भी जारी किया गया।

सीएम मोहन यादव ने पीएम मोदी का आभार मानते हुए कहा कि आपने सरकार, समाज और व्यवस्था पर समान रूप से ध्यान रखते हुए जो आदर्श स्थापित किए, उसके लिए में आपको नमन करता हूं। आपने जयपुर में सही कहा था, हमारा देश बाकी देशों के लिए आदर्श बनना चाहिए।

# छोटे कार्यकर्ताओं का सम्मान बरकरार रखते हुए संगठन खड़ा करना होगाः संजय

**पन्ना।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व विधायक तथा पन्ना जिले के संगठन प्रभारी संजय यादव एवं सह प्रभारी राजभान सिंह द्वारा जिले का तीन दिवसीय भ्रमण किया तथा प्रत्येक ब्लॉक में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनमें जोश भरने का काम किया पन्ना जिला मुख्यालय में आयोजित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी संजय यादव ने कहा कि छोटे कार्यकर्ताओं का सम्मान बरकरा रखते हुए संगठन को मजबूत करना है ब्लॉक मुख्यालय में जो अध्यक्ष अच्छा काम कर रहे हैं।



उनका सहयोग करके कार्यकर्ताओं को संगठन में जोड़ने का लगातार प्रयास करना होगा तभी संगठन मजबूत होगा उन्होंने आगे कहा यदि कोई ब्लॉक अध्यक्ष काम करने में कठिनाई महसूस कर रहा है तो उसे अन्यकार्य देकर ब्लॉक में सभी के समन्वय से अन्य कार्य करताको अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जाएगी बैठक को सह प्रभारी राजभान सिंह जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामकिशोर मिश्रा पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे ने भी संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं का भी मनोबल बढ़ाने का कार्य किया इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से जिलाअधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी भारत मिलन पांडे श्रीमती रमा बुंदेला श्रीमती रहीमा खातून अनुपमाखरे मुरारी लाल थापक देवेंद्र यादव जीवनलाल सिद्धार्थ अनीश खान ब्लॉक अध्यक्ष अक्षय तिवारी डॉक्टर कदीर खान राज बहादुर पटेल संजय पटेल मनीष मिश्रा युवा कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी जगतपाल सिंह बालकिशोर शर्मा गोपाल मिश्रा मार्तंड देव बुंदेला गोपाल मिश्रा भूपेंद्र सिंह परमार एजाज मोहम्मद रियासत खान शशीकांत दिक्षित अमित शर्मा देबू गौड़ फैजमोहम्मद फैयाज मोहम्मद सरदार सिंह यादव विक्रम यादव राकेश शर्मा आदि।

# संत श्री राम लला सरकार का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**पन्ना**

त्रिकालदर्शी एवं चमत्कारी संत श्री राम लला सरकार भारत को हिंदू राष्ट्र बना कर देश के समस्त भूषण खाने बंद करवा कर गाय को राष्ट्रमाता घोषित करवाने सहित लोक कल्याण, एकता भाईचारा एवं विश्व शांति के उद्देश्य से देश भर के प्रमुख धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर अनुष्ठान कर रहे हैं। वर्तमान में नेशनल हाईवे 39 के लगे ग्राम सकरिया के पास झारखंडन धाम में विशेष अनुष्ठान कर रहे हैं। जैसे ही आज 24 दिसंबर को श्री राम लला सरकार पन्ना पहुंचे डायमंड चौक में स्थानी लोगों ने पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया, इसके बाद गांधी चौक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया, जुगल किशोर मंदिर में धर्म प्रेमियों ने स्वागत किया, भगवान श्री जुगल किशोर के दर्शन उपरांत श्री राम सरकार मोहन निवास चौक पहुंचे जहां होटल मोहन राज विलास में समाजसेवी मनोज केसरवानी के नेतृत्व में सैकड़ों गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने स्वागत किया जहां कुछ देर वार्तालाप उपरांत श्री राम लला सरकार आश्रम के लिए प्रस्थान कर गए। बता दें कि श्री राम लला सरकार वर्तमान में झारखंडन धाम में विशेष धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं, जहां धर्म प्रेमी जन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पहुंचकर मुलाकात कर सकते हैं।

# विद्युत फीडर विभक्तिकरण को लेकर भारी अनियमितता

**पन्ना।** जिले में विद्युत विभाग में फीडर विभक्तिकरण का कार्य चल रहा है। जिसमें भारी अनियमितता एवं मनमानी ठेकेदार एवं संबंधित विभाग के अधिकारीयो द्वारा की जा रही है, जिसके विरोध में स्थानीय लोग ने कलेक्टर को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है। स्थानीय लोगो ने शिकायत में कहा कि कंपनी के प्रोजेक्टर हेड तथा ठेकेदार को हटाया जाये तभी यह व्यवस्था सुधर सकती है। प्रोजेक्ट हेड आतार खान हैं। फीडर में कराए जा रहे कार्यों में जो पोल खड़े किए जा रहे हैं उनमें नियम अनुसार बोल्डर एवं कंक्रीट नहीं डाला जा रहा, फीडर में कराए जा रहे कार्यों में आम नागरिकों से पैसों की मांग की जा रही है। जहां आवश्यकता है वहां कार्य न करवा कर अन्य स्थानों पर अनावश्यक कार्य किये जा रहे हैं। जिस प्राइवेट कंपनी द्वारा कार्य किया जा रहा है उस कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा जातिगत भावना से अपने व्यक्तियों को पेटी का ठेका देकर कार्य करवाया जा रहा है।

# चोरी हुये ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस टीम ने किया बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद कुमार, उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेन्ज छतरपुर ललित शाक्यवार व पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन में थाना पवई पुलिस टीम द्वारा ग्राम मेन्हा से फरियादी के खेत से ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने के मामले में आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 11/12/24 को फरियादी रामलखन गौतम निवासी ग्राम मेन्हा द्वारा थाना पवई रिपोर्ट की गई कि दिनांक 10-11/12/24 की दरम्यानी रात को कोई अज्ञात चोर मेरे खेत में खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली को चोरी कर ले गया है। फरियादी




की रिपोर्ट पर थाना पवई में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध चोरी का अप.क्र. 478/24 धारा 303(2) भादवि कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी द्वारा मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार एक पुलिस टीम का गठन पवई थाना स्तर पर किया गया। पुलिस टीम की सहायतार्थ कार्यवाही हेतु पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना को पुलिस टीम में शामिल किया गया। मामले में गठित पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपी की तलाश पतारसी एवं चोरी गये ट्रैक्टर ट्रॉली की बरामदगी हेतु लगातार प्रयास किये गये। पुलिस टीम द्वारा मामले में अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 22/12/24 मामले में एक संदेही व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई। जिसके द्वारा बताया गया कि घटना दिनांक को मैनें ग्राम मेन्हा के बाहर आम के पेड़ के नीचे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली को चोरी किया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार आरोपी के कब्जे से चोरी किये गये ट्रैक्टर ट्रॉली को बरामद किया जाकर। मामले के 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में विवेचना जारी है।

गिरफ्तार आरोपी में 1. पप्पू उर्फ शिवकुमार पिता विद्याधर सिंगरौल उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम मैन्हा थाना पवई।

जप्त मशरूका में पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया ट्रैक्टर-ट्रॉली कीमती करीब 7 लाख रूपये का बरामद किया गया है।

सराहनीय योगदान में उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी, उनि वहीद खान, सउनि आर. एस. तिवारी, प्र.आर. गणेश सिंह, रामलखन सिंह, आर. प्रेम प्रजापति, महेश विश्वकर्मा, सुशील कोल चालक प्र.आर. नागेन्द्र, सैनिक पूरन सिंह पुलिस सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# गृहमंत्री की विवादित टिप्पणी के विरोध में जिला युवा कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन

**पन्ना।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के ऊपर विवादित टिप्पणी करने पर इस समय कांग्रेस पार्टी पूरे देश में अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष धरना प्रदर्शन करते हुए गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए आज जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर स्वास्थ्य के नेतृत्व में स्थानीय कोतवाली चौराहे पर अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष जंगी प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई इस दौरान युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृहमंत्री के पुतला दहन करने की भी कोशिश की लेकिन जैसे ही मोटरसाइकिल से युवक कांग्रेस

## पुलिस ने छीना पुतला हुई झूमा झटकी



कार्यकर्ता पहुँचे तो मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसको छीन लिया जिससे पुतला दहन नहीं हो पाया इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच में दो-तीन मिनट झूमा झटकी भी हुई। युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्री अवस्थी ने कहा की संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के लिए केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा इस तरीके से बोलना घोर निंदनीय है।

प्रधानमंत्री को चाहिए कि वह अपने मंत्रिमंडल से ऐसे गृहमंत्री को तत्काल बर्खास्त करें। इस अवसर पर जिला प्रभारी पूर्व विधायक संजय यादव, सह प्रभारी राजभान सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह, मनीष मिश्रा, अनीश खान, शिव प्रकाश दीक्षित, दीपक तिवारी,वैभव थापक, अंकित शर्मा, मार्तंड बुंदेला, सौरभ पटेरिया, रमन दीक्षित, रामदास जाटव, एजाज खान, रेहान मोहम्मद, अक्षय तिवारी, राजा तिवारी, पिंकू सिद्दीकी, अफसर, अमित शर्मा, सुंदरम रैकवार, इमरान, नसीम, रियासत खान, कदीर खान, अक्षय जैन, राहत अली, अमित सेन, फूल सिंह, प्रदीप पटेल, फूल सिंह, कामता त्रिवेदी दीपलाल कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना हुईं छात्र छात्राएं

**पन्ना।** पीएम श्री शास.उमा विद्यालय सब्दुआ के छात्र-छात्राओं को छतरपुर जिले में स्थित धुबेला में महाराजा छत्रसाल स्मारक शैक्षणिक भ्रमण के लिए रविवार की सुबह विद्यालय से रवाना हुए। शैक्षिक भ्रमण को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री नंदपाल सिंह जी एवं जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मोहन यादव जी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य लवकेश यादव ने बताया कि छात्र-छात्राएं भ्रमण पर निकलना शिक्षा का एक उत्तम साधन है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन काल में शैक्षिनिक भ्रमण करना चाहिए। जिससे छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में ऐसी गतिविधियां होती रहनी चाहिए, जिससे पढ़ाई के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को विशेष ज्ञान अर्जित होगा। इस मौके पर देशराज प्रजापति,शिवकांत शुक्ला,अखिलेश कोंदर, सूर्यप्रताप सिंह ,ब्रजेश त्रिवेदी,शेख अलीम, रामचन्द्र द्विवेदी, कृष्णकुमार नामदेव ,मनीष सेन समस्त स्टाफ एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# गुणवत्ता विहीन बनी सीसी सड़क, निर्माण की जांच को लेकर एसडीएम को सौंपा आवेदन

**पन्ना।** नगरीय निकाय निधि से बनाई गई सी.सी. सड़क रोड में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य किए जाने को लेकर नगर के आशीष कुमार यादव निवासी वार्ड क्र. 13 माधौगंज तहसील अजयगढ़ जिला पन्ना ने अनुविभागीय अधिकारी अजयगढ़ को आवेदन देते हुए बताया कि कछियाना मोहल्ला से लेकर तहसील कार्यालय तक बनाई गई सी.सी. सड़क में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता बिहीन निर्माण कार्य कराया गया है तथा



स्टीमेट के अनुसार उक्त रोड में कार्य नहीं करवाया गया और सी.सी. सड़क की मोटाई भी कम है और सी.सी. सड़क में ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण कार्य कराया गया है जिस हेतु सड़क के ऊपर की परत निकल कर गिट्टी दिखने लगी है जिससे सड़क जल्द खराब हो जायेगी। उन्होंने निवेदन किया कि सी.सी. सड़क की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी पाये जाने पर ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए ।

# शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस



**पन्ना।** पवई शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा में अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस पर चित्रकला, निबंध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया इस अवसर पर शिक्षक सतानंद पाठक ने गणित दिवस के महत्व पर छात्र-छात्राओं को बताया कि 33 वर्ष से कम की अल्पायु में संसार को अचंभित करने वाले जिन भारतीयों का नाम आता है उनमें भगवान आदि शंकराचार्य और स्वामी विवेकानंद के साथ महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का नाम भी सम्मिलित है। एस रामानुजन का नाम बीसवीं शताब्दी के महानतम गणितज्ञ में लिया जाता है जबकि उनकी औपचारिक उच्च शिक्षा लगभग न के बराबर थी। अनन्य विलक्षण प्रतिभा के धनी लोगों की ही तरह एस रामानुजन गणित में तो अद्भुत ज्ञान और समझ रखते थे लेकिन अन्य विषयों में उनकी रुचि बहुत ही कम थी। जैसे अल्बर्ट आइंस्टाइन और थामस अल्वा एडिसन के विषय में कहा जाता है कि गणित और विज्ञान को छोड़कर वह किसी विषय में पास नहीं होते थे या बहुत कठिनाई से और रविंद्र नाथ टैगोर के विषय में कहा जाता है कि साहित्य को छोड़कर और किसी विषय में उनकी रुचि नहीं थी। थॉमस अल्वा एडिसन को तो स्कूल से निकाल दिया गया था क्योंकि अध्यापक समझते थे कि वह मंदबुद्धि है। उसी तरह से एस रामानुजन गणित को छोड़कर अन्य हर विषय में फेल हो जाते थे। शिक्षक सतानंद पाठक ने आगे बताया कि महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन आयंगर का जन्म 22 दिसंबर, 1887 को कोयंबटूर के ईरोड गांव के एक धर्मनिष्ठ आयंगर ब्राह्मण परिवार में हुआ था।

# राष्ट्रीय किसान दिवस पर किया किसानों का सम्मान : ब्रह्माकुमारी

**पन्ना।** राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ विद्यालय, पवई में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित किसान भाइयों का सम्मान किया गया। ब्रह्माकुमारी बहन जी ने सभी को राष्ट्रीय किसान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, और हमारी अर्थव्यवस्था का आधार कृषि उत्पादकता है। उन्होंने किसानों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि राष्ट्र को सुखी और समृद्ध बनाने के लिए किसानों का सशक्तिकरण जरूरी है। किसान हमारे देश की शान हैं। बहन जी ने कहा कि आध्यात्मिकता के माध्यम से किसानों के अंतर्मन को




शुद्ध करना आवश्यक है। मेडिटेशन और ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति में सद्भावना, आत्मविश्वास, और हिम्मत जैसे सुषुप्त मूल्य जागृत होते हैं। बहन जी ने यौगिक खेती और सात्विक जीवन शैली अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, जब हम अपने शुभ वाइब्रेशन प्रकृति को देंगे, तो प्रकृति भी जल्द ही सतोप्रधान बन जाएगी। जब हम फसल को परमात्मा की स्मृति में शुभ वाइब्रेशन देते हैं, तो प्रकृति उसे जल्दी ग्रहण करती है। इससे पौधों का विकास बेहतर होता है। किसानों को अपने विचारों को शुद्ध और पवित्र बनाना होगा, ताकि उनकी फसल और जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सके। सम्मेलन में किसानों के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा गया कि ष्किसान इस देश की शान है। भारत को सुपर पावर बनाने में किसान अहम भूमिका निभाते हैं। यह समय है किसानो के खोए हुए सम्मान को पुन: लौटने का। ष्किसानों का आत्म सम्मान जगाना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।ष् आत्मसम्मान एक ऐसा उपहार है जिसे प्राप्त करने से व्यक्ति और अच्छी तरह से मेहनत कर हर क्षेत्र में खुशी से तथा तेजी से सफलता के शिखर को प्राप्त करता है। अपने आगे कहा आत्मसम्मान अर्थात स्वयं को, अपने सच्चे स्वरूप में जानना, मानना और पहचाना। आत्मविश्वास से ही आत्मसम्मान जागृत होगा। आत्मविश्वास का उद्गम आत्म जागृति से होता है जिसके आधार पर आत्म सम्मान तथा अन्नदाता अपने सम्मान को जागृत कर सकता है।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से श्रीमती देवी खटीक, पार्षद पवई, सभापति पटेल, जनपद सदस्य मुराछ, सरपंच प्रतिनिधि मुराछ, प्रहलाद बहरे, पुष्पेंद्र सिंह बुंदेला, रामलला बागरी, वीर सिंह सहित अनेक गांवों के किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आयोजन की सराहना की एवं सभी ने सात्विक जीवन जीने की प्रतिज्ञा की।

टीआर एस कॉलेज रीवा में युवक रेड क्रॉस इकाई द्वारा जिला रेड क्रॉस रीवा के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा का व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।



## जनकल्याण शिविर में संभागीय अधिकारियों ने की शिरकत

रीवा



रीवा संभाग के सभी जिलों में मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ आवेदन पत्रों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद के निर्देशों के अनुसार संभागीय अधिकारी इन शिविरों में शामिल होकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। साथ ही विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण भी कर रहे हैं। इस क्रम में 24 दिसम्बर को उप संचालक मण्डी तथा अन्य अधिकारियों ने सीधी जिले के रामपुर नैकिन विकासखण्ड में ग्राम डढ़िया में आयोजित जनकल्याण शिविर में सहभागिता निभाई। अधिकारियों ने बालिका छात्रावास और आंगनवाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। इसी तरह रीवा जिले में ग्राम पंचायत बंधवा में आयोजित जनकल्याण शिविर में सहायक संचालक उद्यान योगेश पाठक तथा अन्य संभागीय अधिकारियों ने शिरकत की। शिविर में उद्यानिकी फसलों के संबंध में जानकारी दी गई। पात्र किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन पत्र भरवाए गए। सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी ने सिरमौर विकासखण्ड के ग्राम पिपरी में आयोजित शिविर में विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। किसानों को जैविक खेती तथा कृषि यंत्रीकरण की जानकारी दी गई। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन मनोज तिवारी ग्राम तिलखन में आयोजित शिविर में शामिल हुए। कार्यपालन यंत्री ने किसानों के साथ मिलकर सिरमौर वितरक नहर का निरीक्षण किया तथा किसानों की सिंचाई संबंधी समस्याओं का निदान किया। इसी तरह अन्य अधिकारियों द्वारा लगातार क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है।

### उप मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पत्रकार त्रिपाठी के निधन पर व्यक्त किया शोक

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सतना जिले के वरिष्ठ पत्रकार श्री विष्णुकांत त्रिपाठी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान देने और परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### मऊगंज में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आज लगेगा शिविर

**रीवा।** जनपद पंचायत मऊगंज में 26 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के निश्शुल्क आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इस संबंध में डॉ अमित तिवारी ने बताया कि आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर 70 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्ति अपने आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

## जनकल्याण शिविर में आम जनता के आवेदनों में हो रही कार्यवाही

**रीवा।** जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत 15 दिसम्बर से 26 जनवरी तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। साथ ही आमजनता के आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। जिले के सभी विकासखण्डों में शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि जनपद पंचायत गंगेव की ग्राम पंचायत सथिनी में आयोजित शिविर में 9 आवेदन पत्र दर्ज किए गए। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन तथा खाद्यान्न प्रदान करने संबंधी आवेदन शामिल थे। ग्राम पंचायत दुबगवां में आयोजित शिविर में 14 आवेदन पत्र दर्ज किए गए। इसमें श्रम विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा पेंशन के आवेदन पत्र शामिल रहे। इसी तरह जनपद पंचायत सिरमौर की ग्राम पंचायत पिपरी में 130 तथा ग्राम पंचायत तिलखन में 197 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। संबंधित विभागों द्वारा इन पर कार्यवाही की जा रही है। जिले में 25 दिसम्बर को ग्राम मढ़ी खुर्द में आयोजित शिविर में 11 आवेदन पत्र दर्ज किए गए। इसी दिन ग्राम पंचायत टिकुरी 37, ग्राम पंचायत अजगरहा, ग्राम पंचायत सुरसा खुर्द, ग्राम पंचायत रौरा और ग्राम पंचायत करहिया में भी जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया गया।



## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में अब तक 12274 आवेदन पत्र हुए मंजूर

**रीवा।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में 15 दिसम्बर से प्रत्येक विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 15 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक आयोजित शिविरों में कुल 16210 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 12274 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। शेष 3652 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 281 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में कुल 14559 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 10757 मंजूर किए गए हैं। विकासखण्ड त्योंथर में 8261, रायपुर कर्चुलियान में 1199, रीवा में 921, सिरमौर में 1272, गंगेव में 1169 तथा जवा में 1737 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए हैं। इनमें से विकासखण्ड त्योंथर में 7956, रायपुर कर्चुलियान में 775, रीवा में 213, सिरमौर में 300, गंगेव 951 तथा जवा में 562 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में कुल 1651 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1517 मंजूर किए गए हैं। नगर निगम रीवा में 1104, नगर पंचायत सिरमौर में 9, गुढ़ में 83, मनगवां में 9, गोविंदगढ़ में 15, सेमरिया में 110, चाकघाट में 101, त्योंथर में 50, डभौरा में 100 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 70 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से नगर निगम रीवा में 1077, नगर पंचायत सिरमौर में 9, गुढ़ में 82, मनगवां में 9, गोविंदगढ़ में 4, सेमरिया में 89, त्योंथर में 21, डभौरा में 79, चाकघाट में 77 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 70 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शेष लंबित आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

## सुशासन सप्ताह में किया गया विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन

रीवा

प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत जिले भर में 15 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। अभियान के तहत 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दिन जिले भर में विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया गया। गुढ़ तहसील के ग्राम दुआरी में आयोजित राजस्व शिविर में ग्रामीणों को सुशासन की शपथ दिलाई गई। ग्राम पंचायत करहिया में आयोजित जनकल्याण तथा राजस्व शिविर में प्रभारी तहसीलदार यतीश शुक्ला ने सुशासन की शपथ दिलाई तथा राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन पत्र दर्ज किए। तहसीलदार जवा राजेन्द्र शुक्ला ने शिविर लगाकर ग्रामीणों को सुशासन की शपथ दिलाई तथा किसान सम्मान निधि एवं फार्मर रजिस्ट्री के लिए ई केवाईसी के प्रकरण निराकृत कराए। सामुदायिक भवन चौखड़ा में आयोजित राजस्व शिविर में तहसीलदार ने सुशासन की शपथ दिलाई तथा राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया। इसी तरह ग्राम चोरगड़ी, ग्राम पंचायत बदवार, ग्राम पंचायत मदरी, ग्राम पंचायत पड़रिया, ग्राम पंचायत सगरा, ग्राम पंचायत रौरा तथा ग्राम पंचायत देवास में विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया गया।




### नगर निगम का लोकनायक स्कूल के पास आज लगेगा शिविर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 26 दिसम्बर को वार्ड क्रमांक 29, 30 और 31 के लिए लोकनायक स्कूल के पास जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

## नगर परिषदों में मनाया गया सुशासन दिवस



**रीवा।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को जिले भर में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जिले के सभी नगरीय निकायों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर स्वर्गीय श्री वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन किया गया। नगर परिषद कार्यालय गोविंदगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने उपस्थितों को सुशासन की शपथ दिलाई। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। सुशासन दिवस पर नगर परिषद गुढ़ में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी केएन सिंह बघेल तथा अन्य अधिकारियों ने आमजनता के आवेदनों का निराकरण किया। पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवेदन पत्र भरवाए गए। नगर परिषद सिरमौर, नगर परिषद मनगवां, नगर परिषद नईगढ़ी तथा नगर परिषद डभौरा में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया गया। साथ ही सुशासन की शपथ दिलाई गई।

### ब्लाक कांग्रेस कमेटी मझियार की संगठन विस्तार हेतु बैठक सम्पन्न

**रीवा।** जिले में संगठन के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सह संगठन प्रभारी पूर्व विधायक नीरज दीक्षित का सेमरिया विधानसभा के ब्लाक मझियार में कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें आगामी दिनो में वूथ स्तर पर एवं ब्लाक मण्डलम सेक्टर एवं वी.एल.ए.और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से प्रभारी द्वारा मुलाखात कर चर्चा की गई उनके साथ रीवा से शहर कार्यकारी अध्यक्ष अनिल मिश्रा उपस्थित रहे।

## अटल जी की 100वीं जयंती मनाई गई

**रीवा।** गरीब बचाओ संघर्ष मोर्चा जिला रीवा ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 जयंती वड़े ही धूमधाम से मनाई। गरीब बचाओ संघर्ष मोर्चा के संरक्षक नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और हम सबके प्रेरणा स्रोत श्रद्धेय अटलजी की सौवीं जयंती के अवसर पर उन्हे स्मरण और नमन करता हूं। उन्होने कहा कि अटल जी आजाद भारतीय राजनीति के ऐसे स्तम्भ रहे है जिन्होने राजनीति और राजनय दोनो ही दृष्टि से नए मानदंड स्थापित किए। उन्होने एक सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के संकल्प के साथ आजीवन काम किया। भारत की प्रगति में उनके महत्वपूर्ण योगदान की जितनी भी सराहना की जाये कम है। इस अवसर पर कुलदीप सिंह सोमवंशी एडवोकेट,शैलेन्द्र विश्वकर्मा, संजय द्विवेदी, राजकुमार वंसल, दिनेश साकेत, अजय यादव, लाला यादव सहित मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## किसानों के जीवन में नई आशा की किरण




**रीवा।** राष्ट्रीय किसान दिवस का यह शुभ अवसर रीवा जिले के प्रतिष्ठित कृषि विज्ञान केंद्र में उत्साह, आशा, और प्रेरणा से भरपूर एक ऐतिहासिक आयोजन का गवाह बना। यह केंद्र, जो जवाहरलाल नेहरू कृषि अनुसंधान केंद्र, जबलपुर से मान्यता प्राप्त है, आज कृषि और आध्यात्मिकता के संगम का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की क्षेत्रीय संचालिका बीके निर्मला जी का मुख्य उद्बोधन शाश्वत यौगिक खेती के महत्व पर था, जिसने किसानों के दिलों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया।

इस कार्यक्रम का संचालन रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद जी ने बड़ी गरिमा के साथ किया। ओम शांति से अपने अभिवादन की शुरुआत करते हुए उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्थान की कार्यशैली और बीके निर्मला जी के विचारों की सराहना की। उन्होंने भावनात्मक लहजे में कहा, किसानों की मेहनत केवल अनाज नहीं उगाती, बल्कि देश का भविष्य भी संवारती है। कमिश्नर जामोद जी ने शाश्वत यौगिक खेती को एक अभिनव पहल बताते हुए इसे कृषि क्षेत्र के लिए क्रांतिकारी कदम कहा। कार्यक्रम के दौरान माउंट आबू स्थित ब्रह्माकुमारी मुख्यालय से बीके सुमंत भाई जी ने वर्चुअल माध्यम से अपने विचार साझा किए। उनके शब्दों ने किसानों के मन में नई चेतना जगाई। उन्होंने किसानों को समझाया कि प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर खेती करना न केवल उनकी फसलों के लिए, बल्कि उनके स्वयं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। इस दौरान कमिश्नर जामोद जी की आंखों में उत्साह और उम्मीद की झलक थी, जब उन्होंने कहा, मैंने पहली बार शाश्वत यौगिक खेती का नाम सुना और यह मेरे लिए एक अद्भुत अनुभव है।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक जोशी जी ने भी बड़े प्रभावशाली ढंग से प्राकृतिक खेती की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने मोटे अनाज, जैसे कोदो और कुटकी, की विशेषताओं को विस्तार से समझाया और कहा, ये अनाज सिर्फ हमारी सेहत को नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा को भी जीवित रखते हैं। जोशी जी के शब्दों में किसानों के लिए गहरी चिंता और सम्मान झलक रहा था।

रीवा एग्रीकल्चर कॉलेज की डीन एसके त्रिपाठी जी ने अपने संबोधन में किसानों को हृदय से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हम भले ही अनुसंधान और तकनीकों से कृषि क्षेत्र में क्रांति ला रहे हैं, लेकिन अगर हम अपने मूल्यों और परंपराओं को भूल गए, तो यह प्रगति अधूरी होगी। उनकी इस बात ने सभा में मौजूद किसानों और वैज्ञानिकों को आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सांस्कृतिक पक्ष भी उतना ही समृद्ध था। कवि बृजनाथ पांडे जी ने अपनी कविताओं से किसानों की मेहनत और उनके संघर्षों को इतनी भावनात्मक अभिव्यक्ति दी कि सभा में बैठे कई लोगों की आंखें नम हो गईं।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833